

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 146 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ • पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 01 अप्रैल 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — नवमी के दिन सवा चार किलो सोने से मां महामाया का किया...

संस्कार के बच्चों ने निकाली भगवान राम की शोभायात्रा... — पेज -7 पर


## बेरोजगारी भत्ते पर अजय चंद्राकर ने कसा तंज

# हिम्मत है, नैतिकता है, तो उन सब को भत्ता दें, जो पंजीकृत हैं

**रायपुर।** एक अप्रैल से युवाओं को राज्य सरकार की ओर से बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा. सरकार के इस कदम पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के समय कुछ भी उलूल-जुलूल बात करना है. उनमें हिम्मत है तो, नैतिकता है तो, घोषणा पत्र पर भरोसा है तो, जो पंजीकृत हैं, उन सब को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए. विधानसभा में उन्होंने जो कहा उन सभी को देना चाहिए।



भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने बेरोजगारी भत्ते पर कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़े करते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता के पात्र नियम अभी जारी नहीं हुए हैं.

पंजीयन चल रहा है, क्योंकि 2 साल देने भर की बात हुई है. उसके अतिरिक्त उसके घर में नौकरी मत हो, उसके घर में इतना खेत हो, उतना धान हो, इतना भी दोनों बात कर रहे हैं. 10 तरह की तो वह लोग बात कर रहे हैं. दरअसल, सरकार की मंशा बेरोजगारी भत्ता देने की नहीं है. दो-चार लोगों को देंगे. उंगली कटा कर शहीद बनने के चक्कर में है कि हम बेरोजगारी भत्ता दिए. यह कांग्रेस के पुराने हथकंडे हैं.

प्रदेश में होने वाले किसान सम्मेलन को लेकर कहा कि अजय चंद्राकर ने कहा कि बहुत अच्छी बात है. हम भी इसकी प्रशंसा करते हैं, स्वागत करते हैं, लेकिन भूपेश बघेल को यह बताना चाहिए कि कृषि उत्पादकता में धान कौन-कौन से जिले में 20 क्विटंल से ऊपर होता है, और यदि वह नहीं बताए तो इसका मतलब यह है तो वह धान तस्करी को बढ़ावा देंगे और कांग्रेस का एक नए स्टेटस शुरू हो जाएगा

## एक नजर

### सांसद प्रतिनिधि और आदिवासी बीजेपी नेता ने की आत्महत्या



**बालोद।** डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय युवा नेता के रूप में उभर रहे सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे ने आज आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट मिला है पुलिस जांच में जुटी हुई है। अचानक उनकी मौत से हर कोई हैरान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनो तनाव मे चल रहे थे। उन्होंने अपने चिखलाकसा निवास में फांसी लगाकर आत्महत्या की है।. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पास पुलिस को एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें आत्महत्या के पीछे स्वंय को जिम्मेदार ठहराया है।

# ट्रांसपोर्टर के घर ईडी का छापा

रायपुर। भिलाई के ट्रांसपोर्टर अचल भाटिया के यहां शुक्रवार को ईडी ने कार्रवाई की है। भाटिया कोल परिवहन से जुड़े हुए हैं। ईडी की टीम दोपहर बाद पहुंची और वहां जांच-पड़ताल चल रही है।




**अचानक शाम को पहुंची टीम**

ईडी ने प्रदेश के बड़े उद्योगपति कमल सारडा, आईएएस द्वय अनिल टूटेजा, और केडी कुंजाम, आईटीएस अफसर एपी त्रिपाठी के अलावा उद्योग अफसर प्रवीण शुक्ला, शराब कारोबारी पप्पू भाटिया, अमोलक सिंह भाटिया, और उद्योगपति नवीन केडिया के शराब कारोबार का प्रबंधन देखने वाले लोगों के यहां छापेमारी की थी। यह कार्रवाई दो दिन तक चली। कुछ को बयान देने के लिए ईडी ऑफिस तलब किया गया था। इनमें आईएएस टूटेजा, और शराब कारोबारी से जुड़े लोग शामिल थे। उद्योगपति सारडा को प्रारंभिक पूछताछ के बाद 6 तारीख को बयान देने के लिए बुलाया गया है। एक-दो को छोड़कर बाकियों को बयान देने के लिए अलग-अलग तिथि में बुलाया गया है। इससे परे दिन और रातभर अफवाहों का दौर चलता रहा। जिन लोगों को बयान देने के लिए बुलाया गया था, उनकी गिरफ्तारी का हल्ला मच गया है।




*यह भी खबर उड़ी कि पूछताछ के दौरान एक-दो की तबियत बिगड़ गई है। इन अफवाहों को उस वक्त बल मिला जब कोर्ट परिसर में पुलिस का अमला पहुंच गया। इसके बाद मीडिया कर्मियों का कोर्ट परिसर, अस्पताल, और अन्य जगहों पर जमावड़ा रहा। मगर ईडी ने किसी को हिरासत में नहीं लिया। आईएएस अनिल टूटेजा, और दो अन्य लोगों को गुरूवार की रात 10 बजे प्रारंभिक पूछताछ के बाद घर जाने की अनुमति दे दी गई। शराब कारोबार से जुड़े लोगों को सुबह 7 बजे के आसपास पूछताछ के बाद जाने के लिए कह दिया गया। हालांकि कारोबारियों को बयान देने के लिए अलग-अलग तिथियों में बुलाया गया है।*

## प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना के मामले सक्रिय मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा

**रायपुर।** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार एक्शन में आ गई। राज्यों और स्वास्थ्य मंत्रालयों से जुड़े अधिकारियों के साथ मॉत ड्रिल से लेकर इसके रोकथाम को लेकर कदम उठाए जा रहे हैं।



इसी बीच सरकार ने 5 जांच उपकरणों के दाम पर कैपिंग बढ़ाने का फैसला लिया है। ये कैपिंग अगले आदेश तक लागू रहेगा। छत्तीसगढ़ में कोरोना के नए मामलों में दिन प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। गुरूवार को 15 नए मरीज मिले जिसमें से सबसे ज्यादा राजधानी रायपुर से 9 केस मिले। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 64 तक पहुंची। वहीं संक्रमण दर 2.18 प्रतिशत के करीब है।

भारत में कोरोना के यू-टर्न से सरकार एक्टिव हो गई है। संक्रमण की गति पर लगाम कसने के लिए सरकार कोरोना की जांच में इस्तेमाल होने वाले इक्विपमेंट जैसे पल्स ऑक्सीमीटर, ब्लड प्रेशर मॉनीटरिंग मशीन, नेबुलाइजर, डिजिटल थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर पर ट्रेड मार्जिन तय कर दिया है। यह 30 जून, 2023 या फिर अगले आदेश तक लागू रहेगा। बता दें कि 31 मार्च को कैपिंग की डेडलाइन खत्म हो रही थी

### अंबिकापुर, मैनपाट में तेज बारिश के साथ गिरे ओले

# रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित 18 जिलों के लिए अलर्ट जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में शाम होते ही मौसम ने करवट ली है। शहर के आसपास और मैनपाट में तेज बारिश के साथ ओले गिरे हैं। जिससे मौसम ठंडा हो गया है। मौसम विभाग ने पहले प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी-तूफान चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई थी।



मौसम विभाग ने 18 जिलों के लिए रात 9 बजे तक के लिए अलर्ट जारी किया है। जिसके मुताबिक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, पेंड्रा रोड, कोरबा, मुंगेली, जांजगीर, कबीरधाम, बेमेतरा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, बस्तर, और इससे लगे जिलों में अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। गुरुवार देर रात राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में अंधड़ और तेज बारिश की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। गरज चमक के साथ हुई बारिश की वजह से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई तो वहीं सड़कों पर जाम के हालात बन गए। कई मार्गों में भी पानी भर गया। जिसके चलते भी लोग परेशान होते रहे। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवाती घेरा बना हुआ है। एक द्रोणिका मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग से दक्षिण तमिलनाडु तक बनी हुई है और इस वजह से आंधी और बारिश के हालात बने हैं। रायपुर, बिलासपुर, सूरजपुर के अलावा, सरगुजा, बलरामपुर ,जशपुर ,पेंड्रा रोड, बिलासपुर ,कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ ,मुंगेली ,कवर्धा ,बेमेतरा और इससे लगे जिलों में गरज चमक के साथ बारिश हुई है।

### इस वजह से आज हो सकती है बारिश

*मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक एक सिस्टम दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर 1.5 किमी तक बना हुआ है और एक द्रोणिका की अनियमित गति दक्षिण तमिलनाडु से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इस वजह से शुक्रवार को प्रदेश के कई स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश होने और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।*

# अमन सिंह और उनकी पत्नी को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत

### आय से अधिक संपत्ति के केस में आरोपी हैं छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रमुख सचिव

**बिलासपुर।** ईओडब्ल्यू में दर्ज आय से अधिक संपत्ति के केस में पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया है। करीब दस दिन पहले कोर्ट ने इस केस में फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर आज आदेश जारी किया गया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद



राज्य सरकार को बड़ा झटका लगा है। क्योंकि, सरकार उनकी गिरफ्तारी की तैयारी में थी। अमन सिंह व उनकी पत्नी ने रायपुर के लोअर कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट



की शरण ली थी। बीते 20 मार्च को हाईकोर्ट में सभी पक्षों ने अपना-अपना तर्क दिया। राज्य शासन की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता अमृतोदास और सामाजिक कार्यकर्ता उचित शर्मा की ओर से जमानत देने का विरोध किया था। वहीं, याचिकाकर्ता अमन सिंह व उनकी पत्नी की तरफ से जबलपुर के सीनियर एडवोकेट अनिल खरे, अभिषेक सिन्हा व विवेक शर्मा ने लंबी बहस की और बताया कि राज्य शासन राजनीतिक दुर्भावना के तहत काम कर रहा है। जबकि, उन्होंने अपनी संपत्ति का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत कर दिया है, जिसमें आय से अधिक संपत्ति का मामला ही नहीं बनता। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को जांच में पूरा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने ईओडब्ल्यू को ई-मेल कर पूछा था कि वे बयान के लिए आना चाहते हैं। 6 मार्च को उन्हें बुलाया था। वे सुबह दफ्तर पहुंच गए और रात तक वहां रहे। उनसे 300 पन्नों में सवाल किए गए। उन्होंने सभी के उत्तर भी दिए।

## तेज रफ्तार पिकअप से टकराए बाइक सवार

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक सवार युवकों की बाइक तेज रफ्तार पिकअप से टकरा गई। हादसा इतना जोरदार था कि एक बाइक सवार दूर जा गिरा तो एक बाइक सवार का हाथ कंधे से अलग होकर सड़क पर जा गिरा। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राहुल गांधी की सांसदी खत्म होने के बाद देश में विरोध प्रदर्शन जारी, राजधानी में भी होगा आंदोलन

**रायपुर।** राहुल गांधी की सांसदी खत्म होने के बाद कांग्रेस पूरे देश में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में भारत सत्याग्रह आंदोलन शुरू हो रहा है जिसमें ब्लॉक स्तर तक प्रेस कांफ्रेस से लेकर रैली का आयोजन होगा। छत्तीसगढ़ में आंदोलन कार्यक्रमों पर नजर रखने एआईसीसी के संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़ आज रायपुर पहुंच



गए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। आज से प्रदेश के हर जिले में शुरू हुआ प्रेस कांफ्रेंस का कार्यक्रम उसके लिए जमीन तैयार करेगा। ओबीसी के कथित अपमान के मुद्दे पर विजय जांगिड़ ने कहा कि राहुल गांधी के बयान में ओबीसी कहां आ गया। उन्होंने ओबीसी के लिए तो कुछ कहा ही नहीं था। यह सब भाजपा की चाल है, और उसे बेनकाब करने के लिए ही कांग्रेस पार्टी जनता तक जा रही है। उन्होंने कहा कि मंडल कमिशन से पहले ज्ञानी जैल सिंह से लेकर खुद उन् तक, दर्जनों बड़े नेता और पदाधिकारी ओबीसी वर्ग सेआए हैं। ओबीसी वर्ग का सबसे ज्यादा फायदा सिर्फ कांग्रेस ने किया है।

**लोकार्पण...** मुख्यमंत्री ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# किसानों और ग्रामीणों के जीवन में सहकारिता के माध्यम से आया बड़ा बदलाव- मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अंतर्गत बैंक की शाखा भवन अहिवारा सहित 11 एटीएम तथा गोदामों का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया।



कार्यक्रम में कुल 2 करोड़ 21 लाख 68 हजार रूपए की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। आज 11 एटीएम का लोकार्पण हुआ, इनमें ग्राम अण्डा, बोरसी, अहिवारा, अरमरीकला, अर्जुन्दा, करहीभदर, डौंडीलोहारा, बेलौदी, कुरदी, भांठागांव- आर और जेवरा में एटीएम स्थापित किए गए है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में अब किसानों सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन दिखाई देने लगा है। हमने राज्य में सहकारिता को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार काम किया है। सहकारिता के क्षेत्र की कठिनाईयों को दूर करते हुए इसके माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। यही वजह है कि पिछले चार वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ के किसानों और ग्रामीणों के जीवन में सहकारिता के माध्यम से बड़ा बदलाव आया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य हो रहे है। इनमें शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसके अलावा हमने राज्य में किसानों को ऋण माफ करके तथा बकाया सिंचाई कर माफ करके उनमें नयी ताकत जगाई है। साथ ही किसानों को उनकी उपज की सही कीमत दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना संचालित है। इसके माध्यम से चार किश्तों में प्रोत्साहन राशि दी जाती है। किसानों को उचित समय पर इनपुट सब्सिडी मिलने से खेती-किसानी में उन्हें आसानी हुई है। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की सीमा में वृद्धि करते हुए अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि पूर्व में प्रदेश में 1333 सेवा सहकारी समितियां थी, आज 2058 सहकारी समितियां है।

# ई-ऑक्शन के माध्यम से छत्तीसगढ़ में ग्रेफाईट ब्लॉक का सफल आबंटन

***केनापारा, जिला बलरामपुर : 111.00 प्रतिशत प्रीमियम में मेसर्स मां कुदारगढ़ी स्टील्स प्राईवेट लिमिटेड उच्चतम बोलीदार***

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ खनिज साधन विभाग द्वारा जिला बलरामपुर स्थित केनापारा ग्रेफाईट ब्लॉक को ई-नीलामी के माध्यम से कंपोजिट लायसेंस के रूप में आवंटन हेतु मेसर्स मा कुदारगढ़ी स्टील्स प्रा. लि. द्वारा 111.00 प्रतिशत की अधिकतम बोली (फायनल प्राईस ऑफर) लगाई गई। उक्त ब्लॉक को जीएसआई द्वारा जी-4 लेवल पर अन्वेषण किया गया था। संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, श्री जयप्रकाश मौर्य के निर्देशन में एमएसटीसी पोर्टल में 29 मार्च 2023 को प्रातः 11ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक संचालित ई-नीलामी में कुल 670 बोली लगाई गई जिसमें मेसर्स मां



कुदारगदी स्टील्स प्रा. लि. द्वारा 111.00 प्रतिशत अधिकतम बोली लगायी गई। राज्य द्वारा प्रथम बार ग्रेफाइट ब्लॉक की सफलतापूर्वक ई-नीलामी की गई है। इसके पहले देश में केवल ओड़िशा एवं मध्यप्रदेश द्वारा ही अधिकतम 10.50त्न में ग्रेफाइट ब्लॉक का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया गया है। ग्रेफाइट रिफेक्ट्री, बैटरी, ल्युब्रिकेंट, क्रुसीबुल निर्माण हेतु महत्वपूर्ण खनिज है। वर्तमान में इसके ओडिशा एवं झारखण्ड में ही प्रमुख खानें हैं। ई-नीलामी पद्धति से खानों का आबंटन पारदर्शिता एवं राज्य शासन को राजस्व में भागीदारी के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था है। छत्तीसगढ़ खनिज विभाग द्वारा अब तक इस प्रकार से चूनापत्थर, बाक्साईट, लौह अयस्क, स्वर्णधातु एवं निकल, क्रोमियम एवं पीजीई तथा ग्रेफाइट के कुल 28 खनिज ब्लॉकों का सफलतापूर्वक आबंटन किया जा चुका है जिनसे आने वाले वर्षों में रायल्टी, डीएमएफ, पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर के अतिरिक्त लगभग 81 हजार करोड़ की अतिरिक्त आय राज्य शासन को होगी।

# सरकार और सपा की सियासत का शिकार हुआ सारस

*सवाल यह उठता है कि जब तोता या तीतर पालना भी जुर्म है और वन विभाग कार्रवाई नहीं करता है तो आरिफ को ही क्यों नोटिस भेजा गया है? यह राजनीति का संक्रमण काल है। यहां इंसानों के मुद्दे हाशिये पर हैं और पशु-पक्षी सिसायत के दायरे में। कभी भैंस पर सिसायत होती है। कभी गाय पर तो अब सारस सियासत की जद में है। अमेठी के आरिफ को भी अंदाजा नहीं रहा होगा कि वह सारस की मदद करके मुसीबत मोल लेने जा रहे हैं। एक दिन जख्मी हालत में वह सारस को खेत से उठा लाए थे। दवा-पट्टी की और धीरे-धीरे सारस ठीक हो चला।*

ठीक हो जाने के बाद सारस उन्हें छोड़कर गया ही नहीं और परिवार का एक हिस्सा बन गया। उन्होंने सारस से अपनी दोस्ती की कुछ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी और इस तरह से सारस वायरल हो गया। यहां तक सब कुछ ठीक चल रहा था। अचानक ही एक दिन सपा मुखिया अखिलेश को जाने क्या सूझी कि वह सारस को देखने आरिफ के गांव जा पहुंचे। बस यहीं से सारस सियासी मुद्दा हो गया। इस मुलाकात के कुछ दिन बाद ही वन विभाग सारस को लेने आरिफ के गांव जा पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह प्यारा सा परिंदा किसी भी हाल में वन विभाग की टीम के साथ जाने के लिए तैयार नहीं था। नतीजे में वैन में आरिफ को भी बैठाया गया।

### सियासत का शिकार सारस

मामले में उस वक्त एक नया मोड़ आ गया जब वन विभाग ने आरिफ को सारस पालने के जुर्म में नोटिस भेज दिया। उधर, गायब हुए सारस को तलाश कर कानपुर के चिड़ियाघर में भेज दिया गया है। वहां वह कोरंटाइन है। ऐसा लगता है कि सरकार और सपा की सियासत का शिकार सारस हो गया है! अब सपा को सारस में जाने क्या फायदा नजर आया कि तब से अखिलेश यादव कई बार इस मुद्दे पर ट्वीट कर चुके हैं और फिर अचानक ही कानपुर चिड़ियाघर में उसे देखने के लिए जा पहुंचे।

इस पूरे मामले में कई अहम पहलू हैं। जन मुद्दों के बीच अचानक ही सपा का सारस प्रेम जाग जाना कई लोगों को आश्चर्य में डाल गया। यूपी में विपक्ष लगातार आलोचना के केंद्र में है कि वह अवाम के मुद्दों से दूरी बनाए हुए है। सपा-बसपा की आलोचना इस बात को लेकर भी की जाती है कि वह विपक्ष धर्म नहीं निभा रहे हैं। ऐसे में सपा के सारस प्रेम पर सवाल उठना लाजमी है।




### पशु-पक्षियों की चिकित्सा व्यवस्था

अब बात आती है वन विभाग की। उत्तर प्रदेश में इंसानों की चिकित्सा व्यवस्था खस्ता हाल है। फिर पशु-पक्षियों के अस्पताल की कल्पना ही बेमानी है। ऐसे में आम लोग ही इन पशु-पक्षियों का अपने सुबीते के हिसाब से इलाज वगैरा कर दिया करते हैं। इलाज करने वाले इन सीधे-सादे लोगों को न तो वन्य जीव (संरक्षण) अधिनयम, 1972 के बारे में पता है और न ही ये जानते हैं कि इस सूची में कौन-कौन से पशु-पक्षी हैं।

यहां तक कि कोई भी व्यक्ति तोते को भी पिंजरे में कैद करके नहीं रख सकता है। यह भी कानूनन जुर्म है। इसी तरह से तीतर, बाज, राष्ट्रीय पक्षी मोर को भी नहीं पाला जा सकता है। इसके बावजूद तमाम घरों में तोता, तीतर और यहां तक कि मोर भी पाला जाता है इस तरह से आरिफ से अनजाने में जुर्म तो हो गया है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम की दफा 39 के तहत नियम यह है कि जब आरिफ को घायल सारस मिला था तो उसे प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद स्थानीय वन विभाग अधिकारी को इस बारे में सूचित करना चाहिए था। अगर किसी वजह से यह संभव नहीं था तो पास की पुलिस चौकी या थाने पर अर्जी देकर बताया जा सकता था। 48 घंटे में कानूनन ऐसा किया जाना चाहिए। किसी भी संरक्षित परिंदे या जानवर को रखना या फिर उसे खिलाना-पिलाना गैरकानूनी है।

सवाल यह उठता है कि जब तोता या तीतर पालना भी जुर्म है और वन विभाग कार्रवाई नहीं करता है तो आरिफ को ही क्यों नोटिस भेजा गया है? दरअसल यह कानून के पालन का मामला है, लेकिन इस पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या जानबूझकर आरिफ को निशाना बनाया गया है? इन सबके बीच सारस परेशानी में पड़ गया है। आकाश तले आजाद घूमने वाला पंछी अब चिड़ियाघर के कैदखाने में है। उसे किस बात की सजा मिल रही है, यह भी महत्वपूर्ण प्रश्न है? आरिफ के सारस को अकेले देखकर थोड़ा आश्चर्य होता है, क्योंकि सारस हमेशा जोड़ों में रहता है। इनके दांपत्य प्रेम की मिसालें दी जाती हैं। मुगल बादशाह जहांगीर सारस के नर और मादा के प्रेम को देखकर बहुत प्रभावित हुआ था। उसने इनकी जीवनशैली पर खास तौर से अध्ययन किया था। यह हमेशा जोड़े में ही रहते हैं। जहांगीर को पशु-पक्षियों से बहुत लगाव था। उसने तमाम तरह की चिड़िया और जानवर पाल रखे थे। माना जाता है कि अगर इनके जोड़े में से किसी एक की मौत हो जाती है तो दूसरा भी खाना-पानी छोड़ देता है और कुछ दिनों बाद प्राण त्याग देता है। आम तौर पर पंछियों में किसी एक की मौत के बाद वह दूसरा साथी तलाश लेते हैं। सारंग बटेर तो इस मामले में उस्ताद हैं। मादा सारंग बटेर जोड़ा बनाने के बाद अंडे देती है और फिर उन अंडों को सेने की जिम्मेदारी नर को देकर किसी नए साथी की तलाश में निकल जाती है। इसी तरह से बया पक्षी सुंदर घोंसले महज इसलिए बनाते हैं ताकि मादा को प्रभावित किया जा सके।

कुमार रहमान

## संपादकीय

### संकट में इजराइली लोकतंत्र

खुद को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइली लोकतंत्र को स्थायी क्षति पहुंचा दी है। अब देखने की बात होगी कि इजराइली जनमत प्रधानमंत्री को इस मनमानी से रोकने में किस हद तक कामयाब होता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुद पर चल रहे मुकदमों के असर अपने को बचाने की कोशिश की। इजराइल के इतिहास में सबसे अधिक धुर दक्षिणपंथी सरकार का फिलहाल नेतृत्व रहे नेतन्याहू ने ऐसा कानून पारित कराया, जिससे न्यायपालिका को पंगु बनाने की कोशिश समझा गया है। इस कानून में ऐसा प्रावधान भी है, जिससे सुप्रीम कोर्ट के किसी फैसले को संसद साधारण बहुमत से प्रस्ताव पारित कर निष्प्रभावी बना सकती है। बहरहाल, इजराइली समाज ने इस कोशिश को स्वीकार नहीं किया है। जब से नेतन्याहू की यह मंशा सामने आई, विरोध जताने के लिए वहां की सड़कों पर हजारों लोग लगभग रोजमर्रा के स्तर पर उतरे हैं। कहा जा रहा है कि इस मुद्दे पर इजराइली समाज में जैसा मत-विभाजन हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। विधेयक गुरुवार को संसद में पास हुआ। रात भर की तीखी बहस के बाद विधेयक के समर्थन में 61 वोट पड़े और विरोध में 47 मत। विधेयक के जरिए इजराइल में बेसिक लॉ कहे जाने वाले अलिखित संविधान में संशोधन कर दिया गया है। चूंकि इजराइल में लिखित संविधान मौजूद नहीं है, इसलिए वहां लोकतांत्रिक परंपराओं और कानून के राज को सुनिश्चित कराने में सुप्रीम कोर्ट की बहुत बड़ी भूमिका रही है। लोगों में गुस्सा इस कारण ही भड़का है कि इस कानून के जरिए सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को संकुचित किया गया है।

# जलवायु परिवर्तन से प्रभावित पशु, पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही गर्मी, फसल चक्र में हो रहा बदलाव

*जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है। साथ ही इससे निपटना इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। सामान्यत: जलवायु से आशय किसी क्षेत्र में लंबे समय तक औसत मौसम से होता है। यदि औसत मौसम में परिवर्तन आ जाता है, तो उसे जलवायु परिवर्तन कहा जाता है। पृथ्वी का तापमान पिछले 100 वर्ष में एक डिग्री फॉरेनहाइट तक बढ़ गया है।*

पृथ्वी के तापमान में यह परिवर्तन संख्या की दृष्टि से कम हो सकता है, पर इसका सबसे अधिक प्रभाव मानव से लेकर जीव-जंतु और वनस्पति तक में देखने को मिलता है।

पर्वतीय क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन का असर बढ़ रही गर्मी, फसल चक्र में हो रहे परिवर्तन, उत्पादन के समय में परिवर्तन, साथ ही जंगलों में लगने वाली आग के रूप में महसूस किया जा सकता है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। इस संबंध में अल्मोड़ा के



पशुओं की प्रजनन क्षमता और गर्भधारण दर में तो कमी आ ही रही है, उनमें थनैला रोग, गर्भाशय में सूजन व अन्य बीमारियों का जोखिम भी बढ़ रहा है।

युवा हरीश सिंह बहुगुणा बताते हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई चोरी-चुपके होती रहती है। वहीं बांज के पेड़, जो पर्वतीय परिवेश के लिए अत्यंत ही आवश्यक है, विलुप्ति की ओर अग्रसर हैं, जिसका एक प्रमुख कारण है पहाड़ों में चीड़ का विस्तार। चीड़ तापमान वृद्धि के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में आग लगने का सबसे बड़ा कारण भी है। स्थिति ऐसा होती है कि यदि आप चीड़ के जंगलों के बीच से निकलते हैं, तो गर्मी के प्रकोप से पसीने से नहा जाते हैं। वहीं हर वर्ष चीड़ के जंगलों में भीषण आग लगती है, जिससे जीव-जंतु के नुकसान के साथ फसल व अन्य वनस्पति का नुकसान देखने को मिलता है। पावर प्लांट, ऑटोमोबाइल, वनों की कटाई व अन्य स्रोतों से होने वाले ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पृथ्वी को अपेक्षाकृत काफी तेजी से गर्म कर रहा है। पिछले 150 वर्षों में वैश्विक औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के विषय को गंभीरता से नहीं लिया गया और इसे कम करने के प्रयास नहीं किए गए, तो पृथ्वी की सतह का औसत तापमान तीन से 10 डिग्री फॉरेनहाइट तक बढ़ जाएगा। पिछले कुछ दशकों में बाढ़, सूखा व बारिश आदि की अनियमितता काफी अधिक बढ़ गई है। कहीं बहुत अधिक वर्षा हो रही है, तो कहीं सूखे की आशंका बन गई है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव मनुष्यों के साथ पशुओं पर भी देखने को मिल रहा है। अधिक गर्मी के चलते अक्सर जानवरों को हांफते व उनके मुंह से लार गिरते देखा जाता है, पर इसके साथ पशुओं की कार्य क्षमता में गिरावट आने के साथ उन पर कई बीमारियों का हमला भी हो रहा है। मौसम परिवर्तन का असर जानवरों के स्वास्थ्य, शारीरिक वृद्धि और उनकी उत्पादकता पर अधिक पड़ रहा है। मौसम में होने वाले तनावों से उनकी प्रजनन क्षमता कम हो रही है, गर्भधारण दर में काफी कमी आ रही है, साथ ही, जानवरों में थनैला रोग, गर्भाशय में सूजन व अन्य बीमारियों के जोखिम में वृद्धि हो रही है।

गिरीश बिष्ट

## मिला जुला

### एक नजर

#### मच्छर वाला कॉइल जलाकर सोया था परिवार, दम घुटने से 6 की चली गई जान

दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में एक परिवार के छह लोग अपने घर के अंदर संदिग्ध हालत में मृत पाए गए। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मच्छर वाले कॉइल और गद्दे में आग लगने से फैले धुएं में परिवार के 6 लोगों को दम घुट गया तो 3 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में रात को कमरे में मच्छर भगाने के लिए मॉर्टिन जलाकर सोए एक ही परिवार के 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3 अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें पास के ही जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### मुंबई से आ रही Indigo की फ्लाइट में फायर अलार्म बजने से मचा हड़कंप...




इंडिगो एयलाइन की फ्लाइट में उस समय हड़कंप मच गया जब इमरजेंसी अलार्म बज गया। फ्लाइट में मौजूद सारे लोग डर गए। जब क्रू मैंबर्स ने इसकी जांच की तो मामला सामने आया। मुंबई से गोरखपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक यात्री टॉयलेट में छिपकर सिगरेट पी रहा था। उसी दौरान फायर अलार्म बजने लगा तो फ्लाइट में हड़कंप मच गया। क्रू मेंबर्स ने चेक किया तो देखा कि यात्री सिगरेट पी रहा था, इसके बाद क्रू ने शख्स को सिगरेट बुझाने को कहा। फ्लाइट गोरखपुर में लैंड होने के बाद यात्री के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। अचानक फायर अलार्म बजने लगा तो क्रू मेंबर और सभी यात्री अलर्ट हो गए। फ्लाइट में ग्रुप मेंबर ने जब चेकिंग की तो देखा कि यात्री टॉयलेट में सिगरेट पी रहा था। कैप्टन और क्रू मेंबर्स ने सिगरेट बुझवाई और इसके बाद फ्लाइट गोरखपुर में लैंड हुई।

# कानपुर के सबसे बड़े कपड़ा मार्केट में भीषण आग

## 6 कॉम्प्लेक्स की 800 से ज्यादा दुकानें जलीं, सेना ने संभाला मोर्चा; 1 मिसिंग

**कानपुर.** कानपुर के बांसमंडी स्थित एआर टावर में देर रात 1.30 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से 6 कॉम्प्लेक्स की करीब 800 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गईं। जिससे अरबों रुपए के नुकसान होने की आशंका है। आग लगने की जानकारी मिलते ही पूरा प्रशासन हरकत में आ गया।

सेना, एयरफोर्स, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभाला है। कानपुर, उन्नाव, लखनऊ समेत आस-पास के कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। होलसेल मार्केट में लगी आग 12 घंटे बाद भी नहीं बुझाई जा सकी है। कॉम्प्लेक्स में रुके एक शख्स के मिसिंग होने की जानकारी सामने आई है।

### तेज हवाओं से विकराल हुई आग

आग सबसे पहले एआर टावर में दुकानों के बाहर रखे सामान में लगी। तेज हवाओं के कारण आग ने पल भर में ही कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद देखते ही देखते पूरा तीन मंजिला टावर धधकने लगा। इसके बाद आग हमराज कॉम्प्लेक्स, नफीस टावर, अर्जन कॉम्प्लेक्स, मसूद कॉम्प्लेक्स और सुपर हमराज कॉम्प्लेक्स तक फैल गई। इन 6 कॉम्प्लेक्स से आग की लपटें और धुआं अभी भी उठ रहा है।



### दो हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान

नफीस टावर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया है। इस टावर में भी आग लगी है। आग ने बैंक को भी अपनी चपेट में ले लिया है। व्यापारी रवि शंकर दुबे ने बताया कि 800 से ज्यादा दुकानें जली हैं। आग से 20 अरब यानी दो हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

# पार्टी प्रवक्ता के लिए एक घंटे में अपील, सबसे बड़े नेता के लिए हफ्तेभर साइलेंट- आचार्य प्रमोद

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द हुए सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन पार्टी की ओर से अभी तक इस मामले में ऊपरी कोर्ट में अपील दाखिल नहीं की गई है. इसे लेकर अब कांग्रेस के ही नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने अपनी ही पार्टी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने सबसे बड़े नेता के लिए एक हफ्ते में कोर्ट में एक अपील भी दाखिल नहीं कर सकी है. आचार्य प्रमोद ने कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का नाम लिए बिना उनका भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि पार्टी एक %प्रवक्ता% के लिए एक घंटे में सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी, लेकिन सबसे बड़े नेता के लिए हफ्तेभर से साइलेंट हैं. सूरत कोर्ट



ने मानहानि मामले में पिछले शुक्रवार को राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी. इस फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसद की सदस्यता को रद्द कर दिया है. जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक, अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होती है तो उनकी सदस्यता रद्द हो जाती है.

### राहुल के पास अब क्या विकल्प है?

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म हो गई है. हालांकि, राहुल को अपनी सदस्यता को बचाए रखने के सारे रास्ते बंद नहीं हुए हैं. वो अपनी राहत के लिए हाईकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं, जहां अगर सूरत सेशन कोर्ट के फैसले पर स्टे लग जाता है तो सदस्यता बच सकती है. हाईकोर्ट अगर स्टे नहीं देता है तो फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा.

## अमृतपाल की तलाश में 300 डेरों में सर्च ऑपरेशन

### MP सिमरनजीत मान बोले- सरेंडर न करे, पाकिस्तान चला जाए

अमृतसर. वारिस पंजाब दे का चीफ खालिस्तान समर्थक अमृतपाल 14वें दिन भी फरार है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अमृतपाल के धार्मिक स्थलों में छुपने का इनपुट मिला है। जिसके बाद अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर समेत पंजाब के सभी धर्मस्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पंजाब के 300 से ज्यादा डेरों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस के टारगेट पर जालंधर, कपूरथला, होशियारपुर और बठिंडा के डेरे हैं। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। पुलिस एक स्विफ्ट कार की तलाश कर रही है। जिसमें होशियारपुर में इनोवा छोड़ अमृतपाल फरार हुआ। वहीं संगरूर से शिअद (अमृतसर) के सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने कहा कि अमृतपाल को सरेंडर नहीं करना चाहिए। उसने गलती की। साथ में ही बॉर्डर था, नेपाल जाने की क्या जरूरत थी, रावी पार कर पाकिस्तान चला जाता।

# औरंगाबाद- राम मंदिर के पास हुई झड़प में घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत

उजाला न्यूज

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में बीते दिन रामनवमी के अवसर पर राम मंदिर के पास दो गुटों के बीच झड़प हो गई थी। झड़प को रुकवाने पहुंची पुलिस कर्मियों पर भीड़ के हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी कुछ घंटों बाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस घटना पर उद्धव गुट ने राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया है।

### मौत की वजह अब भी साफ नहीं

मृतक की पहचान शेख मुनीरुद्दीन के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिंसा के कुछ घंटे बाद बृहस्पतिवार की रात शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़ित की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने उसकी मौत के पीछे की वजह नहीं बताई।

### संभाजीनगर में आज फिर हुई झड़प

औरंगाबाद के संभाजीनगर के ओहर गांव में आज सुबह पुराने विवाद को लेकर भी दो गुटों में पथराव हुआ। झड़प की बात पता लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची और स्थिति नियंत्रण में ले आई। एसपी शीलवंत नांदेड़कर ने बताया कि एफआईआर दर्ज की जा रही है और घटना में छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है।

### संजय राउत का सीएम शिंदे पर हमला

उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने इस घटना पर महाराष्ट्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब कानून-व्यवस्था की समस्या है, क्योंकि यहां सरकार, पुलिस, गृह मंत्री का अस्तित्व नहीं है। उन्होंने पूछा कि सीएम एकनाथ शिंदे व गृह मंत्री आखिर कहां हैं? राउत ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार प्रायोजित दंगा है। उन्होंने कहा कि संभाजीनगर में बेवजह दंगा इसलिए हुआ, क्योंकि 2 अप्रैल को वहां महाविकास अघाड़ी की एक रैली है।

# इंदौर के मंदिर में अब तक 35 की मौत, 40 फीट गहरी बावड़ी से रातभर निकलीं लाशें, 18 जख्मी

इंदौर शहर में बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावड़ी गिरने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 35 तक पहुंच गया है। वहीं, 18 लोग घायल बताए जा रहे हैं। शासन-प्रशासन के अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावड़ी गिरने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 35 तक पहुंच गया है। वहीं, 18 लोग घायल बताए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

इंदौर कलेक्टर डॉ. इलियाराजा टी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 18 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 2 लोगों को छुट्टी दे दी गई है।




35 लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति अब भी लापता है। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें सर्च और और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में घायल हुए पीड़ितों से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे और उनका हाल-चाल जाना।

अधिकारियों के मुताबिक, इंदौर शहर के पटेल नगर इलाके में स्थित बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी पर हवन कार्यक्रम था। इस दौरान मंदिर में पुरातन बावड़ी की छत पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जमा हो गई। इसी बीच बावड़ी की छत धंस गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर पुरातन बावड़ी पर छत डालकर बनाया गया था। छत संभवत ज्यादा लोगों का बोझ नहीं सहन कर सकी। 40 फुट गहरी बावड़ी में चार से पांच फुट पानी था। यह मंदिर करीब 60 वर्ष पुराना है।

अधिकारियों के मुताबिक, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ सेना के 70 जवानों की टीम ऑपरेशन में लगी हुई है। वे बावड़ी से पानी निकालने में लगे हुए हैं और घटना के बाद लापता हुए लोगों की तलाश जारी है।

# गरीब परिवारों के लिए विवाह एक चुनौती, सरकार ने इसे दूर किया राजस्व मंत्री-जयसिंह अग्रवाल

## सुखमय जीवन के संकल्प के साथ 125 वर-वधुओं के जोड़े ने लिए फेरे

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज कोरबा के राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस वन दशहरा मैदान और कटघोरा के कवंर समाज भवन में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजना अंतर्गत दोनों स्थानों पर आज 125 वर-वधू के जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे और सुखमय जीवन का संकल्प लेकर एक नई जिंदगी की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वासए पंजीयन एवं स्टाम्प मंत्री जय सिंह अग्रवाल और सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत सहित अन्य अतिथियों ने सभी वर.वधुओं को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि आज जिले में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। जिसमें सामाजिक, धार्मिक रीति-रिवाज का पालन करते हुए सामूहिक विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब परिवार के लिये अपनी बेटी का विवाह करना बहुत चुनौती से भरा होता है। हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रारंभ कर गरीब परिवारों के चुनौती को दूर करने के साथ उन्हें कर्ज में बोझ में दबने से बचाया है। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत साढ़े चार साल से जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर सभी वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। पात्र हितग्राही शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 25 हजार रुपए के स्थान पर 50 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की गई है जिसका लाभ आने वाले समय में जरूरतमंद लोगों को मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्ष ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री गरीबों और महिलाओं के बारे में बहुत सोचते हैं। इसलिए राज्य के किसान, मजदूर, गरीब परिवार सहित अन्य जरूरतमंद लोगों की शादी की चिंता को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित किया जा रहा है। जिसका लाभ सभी जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जब घर में लड़की पैदा होती थी तब चिंता के साथ



**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः राजस्व मंत्री सांसद ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद**

कर्ज का बोझ लद जाता था। सामाजिक कुरीतियों और परम्परा के नाम पर खेत, घर, जमीन बिक जाती थीं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन कर एक सार्थक योजना प्रारंभ कर क्रियान्वियत की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो बेटी आज बहू बनकर किसी के घर में जा रही है, उन्हें अपनी बेटी मानकर घर में सम्मान दें। कटघोरा में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद महंत, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली-तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टाए जिला पंचायत अध्यक्ष शिव कला कंवर, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय, गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, छग मदरसा बोर्ड के सदस्य डॉ शेख इश्तियाक आदि ने आशीर्वचन के साथ सभी जोड़ो को विवाह के बंधन में बंधने की बधाई व शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत व सांसद महंत ने नवदम्पत्ति जोड़ो को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए भेंट स्वरूप भगवान जय सियाराम की दरबार भेंट की कर सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा आम नागरिकगण उपस्थित थे।

### धूमधाम से निकली बारातए गरीब परिवारों के लिए वरदान बनी योजना

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कोरबा में 51 और कटघोरा में 74 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इससे पूर्व सामूहिक विवाह में महिला बाल एवं विकास विभाग द्वारा बैण्ड बाजे के साथ बारात निकाली गई और आतिशबाजी की गई। अधिकारियों द्वारा वर का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। गायंत्री मंत्रोपचार के साथ सम्पन्न हुए विवाह में मुड़ापार निवासी दिव्यांग बोट लाल चौहान ने ग्राम डूमरभाठा की यशोदा से शादी रचाई। उन्होंने योजना को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए गरीब परिवारों को इसका लाभ उठाने की अपील की। गरीब परिवारों के लिए वरदान बनती जा रही इस योजना को राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2019.20 से मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत प्रति कन्या राशि रूपये 25,000 का व्यय का मापदंड निर्धारित किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सहयोग राशि को 25 हजार रूपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपए करने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना, सामाजिक स्थिति में सुधार लाना तथा विवाह में दहेज के लेनदेन का रोकथाम करना भी है।

### पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री अग्रवाल और सांसद महंत सहित अन्य अतिथियों ने सभी वर.वधुओं को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर अतिथियों द्वारा पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। जिले में पोषण पखवाड़ा का आयोजन 20 फरवरी से 3 अप्रैल तक किया जा रहा है।

## एक नजर

# तरूण ने श्रवण यंत्र से सबसे पहली सुनी कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी की आवाज,5 बच्चों को मिला श्रवण यंत्र रूपी वरदान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट में 5 दिव्यांग बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। ये बच्चे पहले सुनने में असमर्थ थे। जिस कारण से इन्हें अपने दैनिक जीवन में बहुत सी व्यवहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। श्रवण यंत्र के होने से अब इनके जीवन में सुनने की समस्या से राहत मिला है। अब यह दूसरे लोगों की बात सुन पाएंगे और उनसे बातचीत कर अपनी बात रख पाएंगे। जो कि इनके जीवन के लिए एक वरदान स्वरूप बदलाव है। बरमकेला निवासी 13 वर्षीय छात्र तरूण को कलेक्टर डॉ सिद्दीकी के समक्ष श्रवण यंत्र लगाकर यंत्र की जांच की गई। तरूण न सुन पाते हैं न ही बोल पाते हैं। जब उनके कानों में श्रवण यंत्र लगाया गया। उसके पश्चात् कलेक्टर ने उनसे चर्चा की और पूछा कि क्या तरूण सुन पा रहा है। तरूण ने प्रतिउत्तर में मुंह खोलते हुए मुस्कान बिखेरते हां में जवाब दिया। तरूण की मुस्कुराहट ही उसके मन की खुशी का इजहार कर रहा था। वह पहली बार सुनने की शक्ति का आनंद लिया। इसी क्रम में ग्राम टिमरलगा सारंगढ़ निवासी रोहन मौर्या, उम्र 9 वर्ष, पिंडरी डी सारंगढ़ निवासी राजवीर बंजारे उम्र 9 वर्ष, गोबरसिंघा बरमकेला निवासी कबीर सिदार,उम्र 4 वर्ष, एवं प्राथमिक स्कूल बरमकेला के छात्रा सोनिया सिदार,उम्र 9 वर्ष,को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र के साथ कुल 36 बैटरियां भी दी गई। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसमें से प्रत्येक बैटरी कुल दो महीने तक चलेगी। इस यंत्र को पानी से भीगने से बचाना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एल इजारदार एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक विनय कुमार तिवारी उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 17 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कलमी-1, ग्राम पंचायत कलमी विकासखण्ड रायगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद के लिए 17 अप्रैल 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (ग्रामीण) में संपर्क कर सकते है।

# बेरोजगारी भत्ते के लिए अप्रैल में किसी भी तारीख को कराएं पंजीयन

* मिलेगा अप्रैल माह का पूरा भत्ता, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की घोषणा
* 1 अप्रैल से शुरू होगा बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बेरोजगारी भत्ता के संबंध में अहम घोषणा की है। जिसके मुताबिक अप्रैल माह के किसी भी तारीख को पंजीयन कराने पर माह का पूरा भत्ता आवेदक को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ते के लिये आवेदन ऑनलाइन पोर्टल शुरू हो जाएगा। आवेदन किसी भी स्थान से ऑन लाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। इस पोर्टल का लिंक http://berojgaribhatta.cg.nic.in/PrintEmplCard.aspx.है। आवेदक अपने नजदीकी लोकसेवा केन्द्र, चॉइस सेंटर में भी उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है। जरूरी प्रमाण पत्र भी पंजीयन के समय अपलोड कराना होगा। अपलोड किए गए आवेदन के प्रिंट निकलवाकर समस्त मूल दस्तावेज के साथ कलस्टर के सत्यापन स्थल में उपस्थित होना है। इसके लिए उनके मोबाईल नंबर के माध्यम से निर्धारित समय एवं तिथि की सूचना दी जाएगी। सत्यापन टीम के समक्ष उपस्थित होने पर आवेदन पर की गई कार्यवाही की सूचना भी आवेदक के मोबाईल नंबर पर मैसेज के माध्यम से प्राप्त होगी।

# 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए 3 शासकीय सेवकों को कलेक्टर के हाथों मिला विदाई का तोहफा

## कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पेंशन भुगतान आदेश सौंपकर प्रशासन की ओर से दी शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।







रिटायर हुए 3 शासकीय सेवकों को उनकी सेवानिवृत्ति के ही दिन 31 मार्च को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पेंशन और ग्रेच्युटी भुगतान का आदेश सौंप दिया। कलेक्टर सिन्हा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखद व दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने कलेक्टर सिन्हा तथा कोषालय विभाग का आभार जताया कि समय पर उनके पेंशन और ग्रेच्युटी भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर आदेश जारी कर दिया गया है। इससे उन्हें बड़ी सहूलियत होगी। दिनांक 31 मार्च 2023 को 3 कर्मचारी जिनमें पशु चिकित्सा विभाग के पट्टीबंधक मिनकेतन लाल यादव, पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक होलसाय एक्का एवं वन विभाग के वायरलेस ऑपरेटर इन्द्रजीत सिंह राणा सेवानिवृत्त हुए हैं। सभी को आज ही उनके पेंशन प्रकरण का निराकरण कर पेंशन पेमेंट ऑर्डर और ग्रेच्युटी पेमेंट ऑर्डर की कॉपी प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के तहत सेवानिवृत हो रहे अधिकारी कर्मचारियों को उनके रिटायरमेंट के समय पर ही प्रकरण निराकृत कर भुगतान आदेश दिया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री बी.एस.मंडावी ने बताया कि रायगढ़ से 3 प्रकरण के लिये संबंधित आहरण अधिकारी के माध्यम से समस्त दस्तावेज तैयार करावाकर कर्मचारियों को सौंपा गया। उन्होंने समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर ऑनलाइन भेजे ताकि सेवानिवृत्ति उपरांत तत्काल पीपीओ एवं जीपीओ प्रदान किया जा सके। इस मौके पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री बी.एस.मंडावी उपस्थित रहे।

# 2 महीने का चांवल एकमुश्त मिलेगा अप्रैल में, कुपोषण से सुपोषण की ओर एक कदम

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित सभी राशनकार्डधारियों को माह अप्रैल एवं मई 2023 हेतु पात्रता अनुसार नि:शुल्क चांवल का आवंटन एवं वितरण एक मुश्त माह अप्रैल 2023 में किया जाएगा। इसके लिये 02 माह के चांवल एवं अन्य राशन सामग्री के भंडारण पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। माह अप्रैल 2023 में 02 माह के भंडारित खाद्यान्न की निगरानी किये जाने हेतु निगरानी समिति एवं संबंधित क्षेत्र के खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। जिले के प्रत्येक उचित मूल्य दुकान हेतु चांवल उत्सव का आयोजन कर राशनकार्डधारियों को 2 महीने का चांवल माह अप्रैल 2023 में एक मुश्त नि:शुल्क वितरण किया जावेगा। चांवल को छोड़कर शेष राशन सामग्री जैसे शक्कर, नमक केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना की माहवार पात्रता अनुसार ही वितरण किया जावेगा। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के समान ही छग खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित नि:शक्तजन राशनकार्डो में एपीएल राशनकार्ड को छोड़कर फोर्टीफाइड चांवल वितरण किया जाएगा। बेमेतरा जिले में अप्रैल 2022 से फोर्टिफइड चांवल का वितरण किया जाएगा। फोर्टिफइड राइस में कई पोषक गुण है क्योंकि इसमें आयरन फोलिक एसिड और विटामिन बी-12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व या माइक्रोन्यूट्रिएंट्स मिलाये जाते हैं। ये पोषक तत्व एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से बचाता है।

# रिहायसी स्थान से शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र का होगा विस्थापन, बनेगा शासकीय आवास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा केलो विहार स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र पहुंचे। रिहायसी इलाके में कुक्कुट पालन केंद्र होने से आसपास के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय में शासकीय आवास की समस्या को देखते हुए पुराने क्षतिग्रस्त भवनों एवं कार्यालयों का चिन्हांकन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें शासकीय आवास निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया। कलेक्टर सिन्हा ने उक्त भूमि को रिडेव्हलपमेंट योजना के तहत शासकीय आवास निर्माण हेतु गृह निर्माण मंडल को निर्देशित किया। वही शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र हेतु उपयुक्त जगह चिन्हांकित कर आबंटित करने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए। ईई हाऊसिंग बोर्ड एस.के.शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय भवनों विभागों के जर्जर, क्षतिग्रस्त भवनों के स्थान पर नवीन भवनों के निर्माण हेतु रिडेव्हलपमेंट योजना का अनुमोदन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को नोडल एजेंसी बनाया गया है। कलेक्टर सिन्हा द्वारा जिले के पुराने, क्षतिग्रस्त भवनों एवं कार्यालयों का चिन्हांकन किया जा रहा है। शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र के लगभग 5 एकड़ भूमि को रिडेव्हलपमेंट योजना हेतु उपयुक्त पाया गया है। जहां के आवासीय भवनों, मुर्गी पालन शेड एवं जर्जर कार्यालय भवन को हटाकर वहां पर शासन के रिडेव्हलपमेंट योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सिन्हा द्वारा रायगढ़ में विभिन्न स्थानों पर इस योजना हेतु भवनों का चिन्हांकन कर सरकारी आवास गृह का निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिससे मुख्यालय के कर्मचारियों को सर्व सुविधायुक्त नए भवनों का आवंटन किया जा सके।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण आज से शुरू, सर्वे करने घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार आज 1 अप्रैल से रायगढ़ जिले में निवासरत ग्रामीण परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू होने जा रहा है। यह कार्य अगले 30 अप्रैल तक चलेगा। सर्वे का कार्य करने के लिए प्रगणक नियुक्त किए गए हैं। जो घर-घर पहुंचकर जानकारी एकत्र करेंगे। इनके कार्य की मॉनिटरिंग के लिए सुपरवाइजर्स की नियुक्ति भी की गयी है। कलेक्टर सिन्हा ने पिछले दिनों बैठक में सभी मास्टर ट्रेनर्स, सुपरवाइजर्स और प्रगणक दलों को संबोधित करते हुए कहा था कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इसे पूरी सजगता और गंभीरता से किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने नोडल अधिकारियों को कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सामाजिक.आर्थिक सर्वेक्षण हेतु परिवार की इकाई राशन कार्ड को तथा सर्वेक्षण हेतु बेसिक डाटा खाद्य विभाग द्वारा बनाए गये राशन कार्ड की जानकारी से प्राप्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे परिवार, जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनकी सूची मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत से ली जाएगी तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी स्थिति में उक्त परिवार सर्वेक्षण में छूटें नहीं। ग्राम पंचायत स्तर में सर्वे करने प्रगणक दल का गठन किया गया है जिसमें 01 महिला सदस्य एवं 01 पुरुष सदस्य शामिल हैं।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सड़क कार्यों का प्राथमिकता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें-सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत

# दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक ली। उन्होंने योजनाओं की समीक्षा करते हुए गरीब और कमजोर लोगों के उत्थान के दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।**






**सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न**

सांसद ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्यए सड़क और पेयजल के कार्यों को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने कहा। सांसद ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों की सूची की जानकारी विधानसभावार विधायकों को उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर संजीव कुमार झा ने समिति की बैठक में अध्यक्ष द्वारा दिये गए निर्देशों को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहे बेरोजगारी भत्ता योजना और छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों को इसमें सहभागिता की अपील की। उन्होंने बे.मौसम हो रही बारिश व ओलावृष्टि से फसल नुकसान का तहसीलदारों के माध्यम से सर्वे कराने और आरबीसी.6.4 अंतर्गत मुआवजा प्रदान करने की बात कही। दिशा समिति की बैठक में सांसद महंत ने मनरेगा के कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्धारित गाइडलाइन अनुसार विभिन्न कार्य कराने कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों की सूची विधायकों को देने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने कहा। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए कोविड.19 नियंत्रण के लिए प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में दवाई, बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ कोविड रोकथाम के लिए प्रबंध की जा रही है। सांसद ने दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए एम्बुलेंस व्यवस्था और गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब ट्रांसफ र्मरों को बदलने, प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मड़वारानी, चैतुरगढ़, मातिनदाई आदि में विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नये और उच्च क्षमता के ट्रांसफ र्मर लगाने कहा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा, की बैठक में सांसद महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना आदि की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जोहार छत्तीसगढ़



# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 34 जोड़ों की हुई शादी

## नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण हुए शामिल,दिये आशीर्वाद

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

महामाया भागवत मंच में 31 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 34जोड़ो की शादी कराई गई। इस कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, के साथ जनप्रतिनिधियों ने विवाहित जोड़ो को आशीर्वाद दी। कोटा विकास खंड के 30 जोड़े वह तखतपुर क्षेत्र से 4जोड़ें इस तरह से कुल 34 जोड़ों ने मंगल परिणय सूत्र में बंधेऔर सभी युवक युवती ने नव जीवन में प्रवेश किये,महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महामाया भागवत मंच में मंत्रोउच्चारण के साथ में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शामिल हुए वर वधु ने शासन की योजना की तारीफ की और कहा कि उनके पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं है



और शादी के लिए खर्च कर पाना मुश्किल था।

लेकिन शासन द्वारा आयोजित कन्या विवाह योजना में शादी करने का मौका मिला जहां पुरा शासन प्रशासन शादी में उपस्थित रहे और उन्हें शासन से 25 हजार रूपये का उपहार भी मिला, शासन की इस योजना से नव दंपत्ति खुश नारज आए परियोजना अधिकारी कोटा सुरुचि श्याम ने बताया कि शासन ने गरीब जरूरत मंद लोगो के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन कर सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन कर रही है आगामी समय में सामूहिक विवाह करने वाले जोड़ो को शासन 25 हजार रूपये से बढ़ा कर 50 हजार रूपये की मदद करेंगी। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या दान योजना के तहत हुए शादी में जात-पात ऊंच नीच की भावना से दूर हिन्दू रीती रीवाज से सात फेरा लगवा कर शादी संपन्न कराया गया। और सभी जोड़ो को प्रमाण पत्र के साथ 2000 का लिफाफा, आशीर्वाद के रूप में दैनिक जीवन के सामाग्री वितरण किया गया।

## समाचार सार

### 15 बुजुर्गो को प्रदाय किया गया वॉकिंग स्टीक

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।




राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रायगढ़ शहरी क्षेत्र में संचालित वृद्धा आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों एवं अन्य स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से चिन्हित किये गये बुजुर्गो को वॉकिंग स्टीक का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में आज 15 चिन्हित बुजुर्गो को बेहतर चलने में मदद हेतु वॉकिंग स्टीक का वितरण शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में किया गया। इस मौके पर महापौर जानकी काटजू, वार्ड पार्षद श्रीमती ईष कृपा, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक प्रभूदत्ता बस्तिया, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.काकोली पटनायक, फिजियो थेरेपिस्ट सुश्री भावना साहू एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के अन्य स्टॉफ एवं मितानिन उपस्थित थे।

### सहायक सूचना अधिकारी सुरजीत सिंह को जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कोरबा स्थानांतरण होने पर दी गई विदाई

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



जशपुर जिले के जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर में पदस्थ सहायक सूचना अधिकारी सुरजीत सिंह चौहान को शुक्रवार को जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार द्वारा कार्यमुक्त कर दिया गया। इस अवसर पर कार्यालय के सुषमा कुजूर, विनोद कुमार यादव,कौशल्या एवं रवि मिश्रा, राजकुमार राम, रविन्द्र राम, अशोक तिर्की उपस्थित थे। जनसंपर्क कार्यालय कोरबा स्थानांतरण किया गया है ज्ञात हो कि चौहान विगत तीन वर्षो से अधिक जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर में कार्यरत थे। सुरजीत चौहान ने जिले में बिताए अपने कार्यकाल को याद करते हुए कार्यालय में कार्यरत अधिकारी और सभी कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही सभी पत्रकार साथियों से मिले सहयोग के लिए उनको धन्यवाद दिया। जिला जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत सभी ने चौहान के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उन्हें विदाई दी।

# नवमी के दिन सवा चार किलो सोने से मां महामाया का किया राजसी श्रृंगार

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

नवरात्र की नवमी पर गुरुवार को रतनपुर मां महामाया मंदिर में मां महामाया का राजसी श्रृंगार किया गया। नवरात्र की नवमी तिथि पर गुरुवार को सुबह 5 बजे राजसी श्रृंगार के बाद मंदिर का पट खोला गया प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र की नवमी तिथि को मां महामाया देवी की रानीहार, कंठ हार, मोहर हार, ढार,चंद्रहार, पटिया समेत 9 प्रकार के हार,करधन,नथ धारण कराया गया। राजसी श्रृंगार के बाद मां महामाया की महाआरती हुआ पूजा अर्चना के बाद मां को राजश्री नैवेद्य समर्पित किया गया। मंदिर ट्रस्ट केउपाध्यक्ष संतीश शर्मा ने बताया कि आज सुबह शतचंडी यज्ञ का पूर्ण आहुति की जाएगी। उसके बाद दोपहर मंदिरपरिसर में कन्या भोज व ब्राम्हण भोज का आयोजन के साथ मंदिर के पुरोहितों समेत ब्राम्हणों को भोज कराया जाएगा साथ ही ज्योति कलश रक्षकों को भोज कराकर उन्हें वस्त्र और दक्षिणा प्रदान की जाएगी कन्या, ब्राम्हण भोज के बाद दोपहर पूजन सामग्री के साथ पुजारी सभी ज्योति कलश कक्ष में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश की पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ ज्योति विसर्जित की जाएगी।



# बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन 01 अप्रैल से शुरू,नया रोजगार पंजीयन कराने वाले को बेरोजगारी भत्ता की पात्रता नहीं, केवल 2 वर्ष पुराने पंजीयन वाले ही पात्र

## रोजगार कार्यालय आने की जरूरत नहीं, च्वाइस सेंटर्स से भी भर सकते हैं आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सूचना मिल रही है कि बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के लिए रोजगार कार्यालयों में पंजीयन कराने के लिये बहुत सारे लोगों की भीड़ लग रही है। जिसमें से बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने पंजीयन के नवीनीकरण के लिए पहुंच रहे हैं या नया पंजीयन करवाने के आ रहे हैं। इस संबंध में रोजगार विभाग ने स्पष्ट किया है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये रोज़गार कार्यालय में नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नही है। क्योंकि बेरोजगारी भत्ते की पात्रता केवल उन्हीं व्यक्तियों को है जिनका पंजीयन कम से कम 2 वर्ष पुराना है। नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता नही है। पंजीयन के लिये रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है। ऑन लाइन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे किया जा सकता है। 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीत जाने के बाद भी 2 माह के भीतर कभी भी कराया जा सकता हैए इसलिये नवीनीकरण के लिये भी किसी प्रकार की जल्दीबाजी करने की आवश्यकता नही है। बेरोजगारी भत्ते के लिये आवेदन का ऑन.लाइन पोर्टल 1 अप्रेल से खुलेगा।आवेदन किसी भी स्थान से ऑन लाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन किया जा सकता है। इस पोर्टल का है। सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन का फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्क शीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फ ोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड तैयार रखें, क्योंकि यह दस्तावेज, आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे। आवेदन के बाद सभी आवेदकों को दस्तावेजों के भैतिक सत्यापन के लिये पहले से समय देकर बुलाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 3.5 पंचायतों, तथा नगरीय क्षेत्रों में 3.4 वार्डो के समूह के क्लस्टर बनाये जायेंगे। दस्तावेजों का सत्यापन इन क्लस्टरों में किया जायेगा। जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज सत्यापन के लिये अपने घर से दूर न जाना पड़े सत्यापन स्थल पर आवेदकों के बैठने, आदि की अच्छी व्यवस्था होगी। सत्यापन के लिये पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की टीमें भी उपलब्ध रहेगी।

### आवेदक अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें

आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी ली जा रही है। जिसका सत्यापन बैंक मेनेजर से कराने के बाद बेरोज़गारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक कृपया ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाइ न हो। आवेदक को अपने ही बैक खाते की जानकारी भरनी है। किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं, अन्यथा बैंक मैनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा, और बेरोजगारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी।

### आवेदन की नही है अंतिम तिथि, लगातार लिए जायेंगे आवेदन


बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के लिये कोई अंतिम तिथि नहीं हैए इसलिये किसी भी व्यक्ति को हड़बड़ी करने की आवश्यकता नहीं है। बेरोजगारी भत्ते के आवेदन का पोर्टल लगातार खुला रहेगा। और आवेदक किसी भी दिन किसी भी समय ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य सरकार सभी पात्र व्यक्तियों को बेरोजगारी भत्ता देने के लिये कृतसंकल्पित है।

# 200 वर्षों से चली आ रही परंपरा, निकाली करैहापारा से हनुमान जी की शोभायात्रा

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी रतनपुर जो कभी लगभग 800 वर्षों से दक्षिण कौशल छत्तीसगढ़ की राजधानी रही है। यहां के राजाओं ने अपने-अपने शासन काल में प्रजा को सुखी एवं संपन्न बनाने विभिन्न आस्थाओं एवं परंपराओं की थी।

इसमें मराठा शासन की कुछ परंपरा, आज भी चल रही है। यहां के महाकवि महामाया भक्त बाबू रेवाराम द्वारा लिखित एवं अभिनित रतनपुरिहा गुटका भजन, बसंत ऋतु में गाए जाने वाले बासंती एवं होली गीत,



नवरात्रि में गाए जाने वाले माता सेवा भजन आदि यहां की देन है। और इसकी अलग गायन शैली है। आस्थाओं की परंपरा अंतर्गत रामनवमी की रात्रि करैहापारा से निकाले जाने वाली हनुमान जी की पारंपरिक शोभायात्रा यहां लगभग 200 वर्षों से चली आ रही है। रामटेकरी रामपंचायतन मंदिर में स्थित हनुमान की चंदन काष्ठ से निर्मित मूर्ति को अष्टमी तिथि को करैहापारा के लोगो के द्वारा यहां लाई गई और करैहापारा में विशेष पूजा अर्चना कर एरामनवमी की रात्रि पालकी में सजाकर शोभायात्रा के रूप में निकला गया। इस बीच संपूर्ण करैहापारा मोहल्ले के साथ जिस मार्ग से यह यात्रा गुजरी, लोगों की आस्था देखते ही बनीए सुबह 4 बजे यह शोभायात्रा रामटेकरी राम मंदिर में समाप्त हुई। जहां हनुमान जी श्रीराम का दर्शन करने के लिए वहीं विराजित हो जाते हैं। इस परंपरा के पीछे ऐसी मान्यता है कि श्रीराम नवमी श्रीराम जन्म के समय हनुमान जी श्रीराम के समक्ष नहीं रहते। इसीलिए राम टेकरी पहाड़ से राम जन्म के दिन हनुमान के काठ की मूर्ति को नीचे उतारकर करैहापारा लाते हैं और वहां से शोभायात्रा के रूप में फिर दूसरे दिन उसे वहां विराजित करते हैं।

बुधवारी बाजार में अतिक्रमण हटाओ स्थल पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष महंत,

# कलेक्टर को दिए अतिक्रमण से प्रभावित लोगों के व्यवस्थापन के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–सत्ती।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत 31 मार्च को सत्ती नगर पालिका क्षेत्र के बुधवारी बाजार में विगत दिनों प्रशासन द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान स्थल पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे, इस दौरान सक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना भी मौजूद रही, विधानसभा अध्यक्ष महंत अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात करते हुए उनकी बातें सुनी, उपरोक्त जानकारी



नगरपालिका सक्ति पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्यामसुंदर अग्रवाल ने देते हुए बताया कि साथ ही इस दौरान कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को पूरे अभियान से प्रभावित परिवारों एवं दुकानदारों के शीघ्र ही व्यवस्थापन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए है। इस दौरान प्रभावित परिवारों ने भी विधानसभा अध्यक्ष महंत से गुहार लगाई कि वे सालों साल से यहां बसे हुए थे। किंतु आज उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा इन सब बातों को सुनकर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष महंत ने सक्ति कलेक्टर को उपरोक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद खाली हुए स्थान पर आवश्यकता अनुरूप कार्रवाई करने की भी बात कही है। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, दादू जायसवाल, पिंटू ठाकुर, गिरधर जायसवाल विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन, आनंद अग्रवाल सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत एवं कलेक्टर ने सकरेली रेल्वे ओवरब्रिज प्रोजेक्ट के कार्य का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–सत्ती।

विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत एवं कलेक्टर ने आज विकासखंड सत्ती के सकरेली पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य की स्वयं पहुंचकर जानकारी ली। चरणदास महंत ने जिले के जनहित के कार्यों में सभी से सहयोग करने की बात की। सकरेली रेलवे ओवरब्रिज निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी द्वारा बताया गया कि ब्रिज निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण होने तथा जल्द से जल्द नागरिकों के लिए आवागमन की सुविधा मिलेगी। गौर करने की बात यह है कि पूरे 22 पिलर तैयार कर लिया गया है । सर्विस रोड का कार्य भी तेजी से चल रहा है। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कार्यपालन अधिकारियों से समय पर काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। मानव संसाधन बढ़ाकर तेजी से काम करने का आदेश दिया। कलेक्टर निर्माणाधीन रेलवे



ओवरब्रिज का तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए लगातार रेलवे के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए कार्यों में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने आज सकरेली रेलवे ओवरब्रिज पहुंचकर गर्डर लॉन्चिंग का अवलोकन किया। तथा रेलवे के अधिकारियों को ओवरब्रिज निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा। विधानसभा अध्यक्ष महंत ने रेलवे अधिकारियों को ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से अद्यतन कार्यों सहित तेजी से कार्य करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जानकारी देने कहा। जिससे कार्यों में तेजी लाई जा सके। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा कि इस रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण होने से सत्ती नगरवासियों सहित सभी आमजन को आवागमन और ट्रैफिक से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने बुधवारी बाजार सत्ती का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनएच सब इंजीनियर विजय कुमार साहू,अनिल कुमार दुबे प्रोजेक्ट मैनेजर, बृजेश कुमार यादव डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# हमारी लड़ाई मोदी से नहीं हमारी लड़ाई अडानी के 20 हजार करोड़ की जेपीसी जांच को लेकर- विनय जायसवाल विधायक

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ति।


अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जय भारत जय सत्याग्रह आंदोलन के तहत 31 मार्च को सत्ती जिला मुख्यालय के शासकीय विश्राम गृह में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनेंद्रगढ़ के कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल, सक्ति शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल कंवर, विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाड़ीन, कृषि उपज मंडी सक्ति के अध्यक्ष रुपनारायण साहू, महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष गीता देवांगन, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, नगरपालिका के विधायक




प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, महंत समर्थक उगेंद्र अग्रवाल पप्पू, हरिश्चंद्र अग्रवाल कालू, अमीर अनिरुद्ध अग्रवाल, पार्षद चांदनी सहिस, पार्षद दीपक रिकक्री सेवक प्रमुख रूप से मौजूद थे। पत्रकार वार्ता का संचालन करते वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पत्रकार वार्ता आयोजित की जा रही हैए वही पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मनेंद्रगढ़ के विधायक विनय जायसवाल ने कहा कि आज चार बार के सांसद रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सदस्यता लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई। हमें न्यायालय से इस संबंध में कोई शिकायत नहीं है। आज केंद्र में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के साथ जो व्यवहार कर रही है आज उन्ही बातों को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरे देशभर में जय भारत जय सत्याग्रह आंदोलन कर रही है। एवं कांग्रेस ने संसद सत्र के दौरान मांग की थी कि अडानी के सैल खाते में 20 हजार करोड़ रुपए कहां से आए उसकी जांच करवाई जाए। किंतु भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की इस मांग को नहीं माना तथा हमारी लड़ाई सिर्फ राष्ट्रहित के लिए है। एवं कांग्रेस के नेताओं को संसद में बोलने नहीं दिया जाता एवं देश में आज लोकतंत्र समाप्त हो रहा हएेमनेंद्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक में नीरव मोदी एवं अन्य मोदियो जो कि इस भारत का पैसा लेकर भाग गए हैं के बारे में कुछ बातें कही थी। किंतु आज भारतीय जनता पार्टी ने उसे पूरे देश में ओबीसी वर्ग के अपमान की बात कह कर प्रचारित किया किंतु राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में ऐसा कोई भी बयान नहीं दिया था। विधायक विनय जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी हम सब के सम्माननीय नेता हैं तथा आज गांधी परिवार देश की सेवा करते जा रही है।

एवं हम आजादी के पहले ब्रिटिश कंपनी के गोरो से लड़ते थे तथा अब हमें 80 साल बाद भी अब गोरो को छोड़कर चोरों से लड़ने की स्थिति आ गई है। वही विनय जायसवाल ने कहा कि गांधी कभी माफी नहीं मांगते एवं गांधी सदैव असहयोग आंदोलन में सहयोग देते हैंए तथा वर्ष 2014 के पहले इस देश में लोकतंत्र था किंतु आज नरेंद्र मोदी की सरकार की कार्यशैली को देखते हुए लोकतंत्र की समाप्ति हो गई है, विधायक जायसवाल ने कहा कि जय भारत जय सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि अडानी के सेल खाते में आए 20000 करोड रुपए की जांच करवाई जाए तथा कांग्रेस पार्टी ने सदैव इस राष्ट्र के विकास के लिए, राष्ट्र की तरक्की के लिए काम किया है। विधायक जायसवाल ने कहा कि आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के नाम पर एक मकान तक नहीं है तथा वे आनंद भवन में रहते थे वह भी आज शासन के अधीन है। जायसवाल ने कहा कि शक्ति जिला मुख्यालय मेंकि आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के नाम पर एक मकान तक नहीं है तथा वे आनंद भवन में रहते थे वह भी आज शासन के अधीन है। जायसवाल ने कहा कि शक्ति जिला मुख्यालय में आज आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से हम सभी आने वाले दिनों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सत्याग्रह आंदोलन को गति देंगे तथा कांग्रेस कमेटी ने हमेशा सत्याग्रह के माध्यम से विजयश्री प्राप्त की है तथा आने वाले समय में हमारा यह सत्याग्रह देश की गलत नीतियों के विरोध में जारी रहेगा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल कहा कांग्रेस पार्टी पीसी जांच की मांग कर रही है।

## टूथ परी : वेन लव बाइट्स में डेंटिस्ट की भूमिका निभाएंगे शांतनु माहेश्वरी




गंगूबाई काठियावाड़ी में अपने काम के लिए सराहना पाने वाले डांसर से अभिनेता बने शांतनु माहेश्वरी जल्द ही अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज टूथ परी: वेन लव बाइट्स में एक डेंटिस्ट की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सीरीज वैम्पायर और मनुष्य दोनों के बीच एक लव स्टोरी हैं। कहानी में रूमी (तान्या मानिकतला द्वारा अभिनीत) एक वैम्पायर है, जिसका शिकार के दौरान उसका एक दांत टूट जाता है, वह रॉय, जो डेंटिस्ट है, के पास आती है। यह उनकी पहली मुलाकात होती है। सीरीज की शूटिंग कोलकाता में हुई है। इसमें रोमांस, रहस्य, सस्पेंस आदि का तड़का है।



## बिग बॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी ने सिल्वर आउटफिट में बिखेरा जलवा

### तस्वीरों ने फैंस को किया बेकाबू

बिग बॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। सीरियल उड़ारियां में एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली प्रियंका चौधरी फैशन सेंस से सुर्खियों पर छाई रहती हैं। एक इवेंट में शामिल हुई एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी के आउटफिट को देखकर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है।

सिल्वर कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। ऑफ शोल्डर आउटफिट में एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी सिजलिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। मैचिंग टॉप्स और खुले बालों के साथ ओवर ऑल लुक में उनका ग्लोइंग फेस फैंस को काफी पसंद आ रहा है। थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस प्रियंका चौधरी अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। प्रियंका चाहर बिग बॉस से पहले ये है चाहतें, गठबंधन और सावधान इंडिया जैसे सीरियल्स में काम कर चुकी हैं। 26 साल की प्रियंका अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से अच्छे अच्छे के अरमानों को डोलाने का हुनर जानती हैं। प्रियंका का असली नाम परी चौधरी बताया जाता है, लेकिन कहा जाता है कि न्यूमरोलॉजिस्ट के कहने पर उन्होंने अपना नाम प्रियंका कर लिया। उल्लू के वेब सीरीज '3जी गाली गलोच गर्ल्स में भी एक्ट्रेस को देखा गया, जिसमें वो लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई।

## कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी' जैसी लव स्टोरी में काम करना चाहती हैं राशि खन्ना



एक्ट्रेस राशि खन्ना ने एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी' जैसी लव स्टोरी में काम करने की इच्छा जताई है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राशि ने कार्तिक के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि उनके साथ मैं एक इंटेंस लव स्टोरी करना चाहूंगी, कॉमेडी फन जॉनर की तरह की फिल्म नहीं बल्कि आशिकी जैसी इंटेंस फिल्म की तरह।

मुझे लगता है कि वह फिल्म बहुत अच्छी होगी क्योंकि मुझे रोमांटिक फिल्में पसंद हैं। मैंने एक फिल्म की थी, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया था इसलिए मुझे कार्तिक के साथ लव स्टोरी जैसी फिल्मों में काम करना है, शायद ऐसी ही कोई फिल्म हो। वर्कफ्रंट की बात करें तो, कार्तिक के पास सत्यप्रेम की कथा, आशिकी 3, और कबीर खान की अगली फिल्म के साथ अन्य फिल्में लाइन में है।

## जीत की फिल्म चेंगिज का पहला गाना जारी, 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




टॉलीवुड सुपरस्टार जीत हाई ऑक्टेन, हाई एनर्जी एक्शन एंटरटेनर चेंगिज़ के साथ दर्शकों को तोहफा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। मूवी निर्माताओं ने आज मूवी का एक धमाकेदार गाना विड्डा रिलीज़ भी कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि चेंगिज बंगला सहित हिंदी भाषा में भी रिलीज होने वाली है। ऐसे में यह पहली बंगाली मूवी होगी, जिसे साथ में हिंदी में भी रिलीज किया जाने वाला है।

गाने में स्टाइलिश लुक्स, एग्निमैटिक पेर्सोना लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। इस गाने को बंगाली दिलों पर राज करने वाले अनिक धर ने संगीतबद्ध किया है और दिव्या कुमार ने स्वरबद्ध भी कर दिया है। गाने के बारे में बात करते हुए सुपरस्टार जीत बोलते है, यह ट्रैक मूवी के सार को दर्शाता है। यह एक स्टाइलिश गाना है जो ऑनस्क्रीन बहुत ही खूबसूरत दिखाई देगा।

इस गाने को शूट करने का अनुभव बहुत ही मज़ेदार था, उम्मीद है कि दर्शक ट्रैक को पसंद करेंगे और इसे पसंद करने वाले है।

संगीतकार अनीक धर का इस बारें में कहना है कि, गाने का विचार ही पूरे माफिया को पर्दे पर जीवंत करना था। इस परियोजना का भाग बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और इस गीत की रचना करना मेरे लिए किसी जादू से कम नहीं है।

## 'एक कोरी प्रेम कथा' में सामाजिक कुरीतियों से लड़ेंगी खनक बुद्धिराज

अभिनेत्री खनक बुद्धिराज, जो पेशे से एक वास्तुकार हैं, ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'एक कोरी प्रेम कथा' के पोस्टर का अनावरण किया। फिल्म में अक्षय ओबेरॉय और



अनुभवी अभिनेता राज बब्बर भी हैं। फिल्म एक ग्रामीण प्रथा 'कोरी' के इर्द-गिर्द घूमती है। ग्रामीण प्रथा के तहत, नवविवाहित जोड़ा संभोग करने से पहले बिस्तर पर एक सफेद कपड़ा बिछाता है, अगर हाइमन टूटने के कारण सफेद कपड़े पर लाल दाग लग जाता है, तो इसका मतलब है कि दुल्हन शुद्ध और 'कोरी' है। हरियाणा के अंबाला की रहने वाली खनक बुद्धिराज पेशे से आर्किटेक्ट हैं और 'एक कोरी प्रेम कथा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। सिनेमा में काम करने की उनकी लंबे समय से चली आ रही महत्वाकांक्षा तब पूरी हुई जब उन्हें 'बॉम्बे', 'रंगीला' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सुघंद फिल्म्स ने साइन किया। 'एक कोरी प्रेम कथा' के अलावा, अभिनेत्री-निर्देशक की पाइपलाइन में 'जॉनी जम्पर' भी है, जिसमें विजय राज, बृजेंद्र काला और जाकिर हुसैन हैं। फिल्म 2023 में रिलीज होने वाली है।

# खेल

पाकिस्तान के भारत आने पर ICC में चर्चा नहीं

## वर्ल्ड कप के सभी मैच भारत में होंगे, PAK के मैनेजर ने कहा था- हमारे मैच श्रीलंका-बांग्लादेश में होंगे

इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत ICC वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा। वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के सभी मैच भारत में ही होंगे। ICC के एक अधिकारी ने बताया कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच भारत के अलावा किसी और देश में कराने को लेकर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।

दरअसल हाल ही में ICC में पाकिस्तान के जनरल मैनेजर वसीम खान ने एक वीडियो इंटरव्यू में कहा था कि वर्ल्डकप में पाकिस्तान के मैच भारत में नहीं, बल्कि बांग्लादेश या श्रीलंका में खेले जाएंगे। ICC अधिकारी ने इस बयान पर कहा कि हम लोग यह सुन कर अचंभित है। इसका कोई आधार नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि, ICC के बैठक में कभी इस पर विचार



नहीं किया गया है क्योंकि वर्ल्ड कप के मेजबानी भारत को सौंपी गई है। साथ ही भारत की ओर से अब तक पाकिस्तान के मैच कहीं और कराए जाने को लेकर किसी ने रिक्वेस्ट नहीं की है।

पिछले हफ्ते की ESPN क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया कप टूर्नामेंट के ज्यादातर मैच पाकिस्तान में होंगे, लेकिन भारतीय टीम के जितने भी मैच होंगे, उन्हें यूएई, ओमान या श्रीलंका में से किसी एक जगह शिफ्ट कराया जा सकता है। इस बात को लेकर वसीम ने पाकिस्तान के मैच बांग्लादेश या श्रीलंका में कराने की बात कही थी।

### एशिया कप सितंबर में

इस बार का एशिया कप सितंबर के शुरुआती सप्ताह में होना है। 13 दिनों तक चलने वाले 6 टीमों के इस टूर्नामेंट में फाइनल समेत कुल 13 मैच होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। उनके साथ एक टीम क्वालिफाई करके पहुंचेगी। वहीं श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान दूसरे ग्रुप में हैं।

### न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे भारत के मैच

एशिया कप के शुरुआती स्टेज में भारतीय टीम 2 मैच खेलेगी। एक भी मैच जीतने पर टीम सुपर-4 स्टेज में पहुंचेगी, जहां उसे 3 मैच खेलने होंगे।



**किसने कितनी बार एशिया कप जीता**

*भारत 7 जीत : 1984, 1988, 1990-91, 1995, 2010, 2016 & 2018*

*श्रीलंका 6 जीत : 1986, 1997, 2004, 2008, 2014, 2022*

*पाकिस्तान 2 जीत : 2000, 2012*

अगर टीम इंडिया फाइनल में भी पहुंची तो वह टूर्नामेंट में कुल 6 मुकाबले खेलेगी। भारत के फाइनल में पहुंचने की स्थिति में उस मुकाबले को भी न्यूट्रल वेन्यू पर ही शिफ्ट किया जाएगा। एशिया कप के लिए न्यूट्रल वेन्यू में फिलहाल, श्र, ओमान और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड का नाम भी सामने आ रहा है क्योंकि इंग्लैंड में भारत-पाक मैच को देखने के लिए भारी मात्रा में दर्शक पहुंचते हैं।

### एक नजर

## धोनी गुजरात के खिलाफ पहला मैच खेलेंगे

### घुटने में चोट लगने के बाद संशय था, चेन्नई के CEO बोले- MSD पूरी तरह फिट




**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने साफ कर दिया है कि महेंद्र सिंह धोनी शुक्रवार को IPL का पहला मैच खेलेंगे। धोनी के खेलने पर संशय इसलिए उठ रहा था, क्योंकि वो प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए थे। सूत्रों ने बताया कि प्रैक्टिस सेशन के दौरान धोनी को बाएं घुटने में चोट लग गई थी। इसके बाद वे प्रैक्टिस सेशन में भी काफी बाद में बैटिंग करने के लिए आए थे। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि धोनी ने प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा ही नहीं लिया।

जब CSK के CEO काशी विश्वनाथन से मीडिया ने मैच से एक दिन पहले गुरुवार को सवाल किया तो उन्होंने कहा- जहां तक मुझे पता है, हमारे कप्तान फिट हैं, 100 फीसदी खेलेंगे। इसके अलावा किसी और डेवलपमेंट की जानकारी मुझे नहीं है।

IPL के 16वें सीजन का आगाज आज से होने जा रहा है। पहला मैच गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच शाम 7-30 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

IPL के ओपनिंग मैच से पहले अहमदाबाद में तेज बारिश-

## CSK के मुकेश चौधरी टूर्नामेंट से बाहर अंडर-19 स्टार आकाश सिंह करेंगे रिप्लेस

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के ओपनिंग मैच से एक दिन पहले अहमदाबाद में तेज बारिश हुई। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपनी प्रैक्टिस रोकनी पड़ी। शुक्रवार को गुजरात टाइट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच के दौरान भी हल्की बारिश की संभावनाएं हैं।

दूसरी ओर ओपनिंग मैच से पहले CSK के लेफ्ट आर्म पेसर मुकेश चौधरी इंजरी के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम ने आकाश सिंह को रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया है। ओपनिंग मैच से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ऊपर इस तरह बारिश के बादल मंडराते नजर आए थे।



**IPL में मुकेश सिंह**
मैच: 13 | विकेट: 16 | बेस्ट: 4/46 | इकोनॉमी: 9.32

कुछ देर बाद ही शहर में बारिश होने लगी।

ओपनिंग मैच से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ऊपर इस तरह बारिश के बादल मंडराते नजर आए थे। कुछ देर बाद ही शहर में बारिश होने लगी। वेदर रिपोर्ट्स के अनुसार, शुक्रवार को मैच के दौरान भी हल्की बारिश की आशंका जताई गई है। गुरुवार देर रात को करीब 8 बजे बारिश शुरू हुई। इस कारण चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस टीम के खिलाड़ियों को अपनी फाइनल प्रैक्टिस बीच में ही रोकनी पड़ी।

IPL में चार साल बाद ओपनिंग सेरेमनी

## तमन्ना भाटिया, अरिजीत जैसे स्टार्स करेंगे परफॉर्म

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का 16वां सीजन आज से शुरू हो रहा है। पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) और गुजरात टाइटंस (GT) के बीच खेला जाएगा। मुकाबले से पहले धमाकेदार ओपनिंग सेरेमनी होगी। 2018 के बाद पहली बार IPL में ओपनिंग सेरेमनी होगी।

### ये स्टार्स करेंगे परफॉर्म

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, रश्मिका मंदाना और सिंगर अरिजीत सिंह 2023 IPL की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे। IPL मैनेजमेंट ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार,



बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ और एक्टर टाइगर श्रॉफ भी सेरेमनी में नजर आ सकते हैं। इन दोनों के नाम की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सेरेमनी में शामिल नहीं होंगे सभी कप्तान

*टूर्नामेंट के होम और अवे फॉर्मेट में होने के कारण सभी 10 टीमों के कप्तान ओपनिंग सेरेमनी में शामिल नहीं होंगे। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और चेन्नई सुपर किंग्स के महेंद्र सिंह धोनी ही सेरेमनी में मौजूद रहेंगे। इन्हीं दोनों टीमों के बीच ओपनिंग सेरेमनी के बाद शाम 7-30 बजे से टूर्नामेंट का पहला मैच भी खेला जाएगा।*

## जियो सिनेमा पर फ्री में देख सकेंगे IPL 2023

### जरूरी नहीं की जियो की सिम हो, यहां जानें इसके लिए क्या करना होगा

**नई दिल्ली।** आज से इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) शुरू हो रही है। इस बार yK क्वालिटी में IPL की फ्री में लाइव स्ट्रीमिंग होगी। जियो सिनेमा IPL 2023 का ऑफिशियल लाइव-स्ट्रीमिंग पार्टनर है। अगर आप जियो यूजर नहीं है तो भी आप जियो सिनेमा पर IPL का मजा ले सकेंगे। इसके लिए बस आपके मोबाइल या कंप्यूटर में इंटरनेट कनेक्शन होना होना चाहिए।




### मोबाइल या लैपटॉप पर 2 तरीकों से देख सकेंगे मैच

अगर आप फ्री में IPL मैच देखना चाहते हैं इसके 2 तरीके हैं। पहला-आपको जियो सिनेमा ऐप डाउनलोड करना होगा। दूसरा-आप सीधे जियो सिनेमा की वेबसाइट पर जाकर मैच का मजा ले सकते है। एयरटेल, जियो, VI और BSNL समेत दूसरी टेलीकॉम कंपनियों के यूजर्स भी सभी मैचों को मुफ्त में ऑनलाइन देख सकेंगे। इसके लिए उन्हें किसी तरह का कोई चार्ज नहीं देना होगा।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धनरास में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धनरास में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को कक्षा छठवीं सातवीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा विदाई दी गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष रामफल यादव सर प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धनरास एवं मुख्य अतिथि संकुल समन्वयक करगी कला देवव्रत मिश्रा सर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत यादव केशरवानी एवं दीप्ति दीक्षित के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। सरस्वती वंदना कुमारी खुशबू यादव, कुमारी रागिनी यादव एवं पितांबर यादव द्वारा प्रस्तुत की गई।स्वागत गीत मीरा यादव साधना यादव एवं आशा वैष्णव के द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं के पितांबर यादव एवं कु खुशबू यादव के द्वारा किया गया। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें कुमारी चांदनी के द्वारा उड़ी उड़ी जाये, कुमारी राजेश्वरी और आंचल के द्वारा, गुंइयां, गुंइयां, खुशबू रागिनी के द्वारा मैने पायल है छनकाई।



कविता, चांदनी,पतली कमर में मटका भारी फुट जायेगा।7 मुस्कान राजेश्वरी अपना रूप रंग सजाये, पितांबर मुस्कान ने ओ देश मेरे गाने में प्रस्तुति दी इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष हीरालाल नागेश, शिक्षक राजकुमार केसरवानी सर मनोज कुमार भारतद्वाज सर एवं दीक्षित उपस्थित थे।राजकुमार केसरवानी सर जी के द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को अनुशासन का महत्व समझाया गया एवं विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। सर ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जाने एवं विद्यालय की सभी गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए भी प्रेरित किया। दीप्ति दीक्षित के द्वारा बच्चों को उनके आगे की कक्षाओं में आत्म अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण कर आगे प्रयास करने से सफलता हासिल होगी के बारे में एक कहानी के माध्यम से बताया प्रधान पाठक रामपाल यादव सर के द्वारा सभी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई और आगे भी उन्हें मन लगाकर पढ़ने को कहा गया सर के द्वारा बच्चों को बताया क्या कि हमारे ग्राम धनरास के बच्चे हमेशा ही आसपास के क्षेत्र के बच्चों से आगे रहे हैं उनका आई क्यू लेवल भी बहुत अच्छा है यदि मन लगाकर बच्चे पढ़ाई करें तो आगे बहुत अच्छे मुकाम पर पहुंच सकते हैं इस गांव में बहुत से सरकारी कर्मचारी भी हैं जिनसे वे आगे भी संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष हीरालाल नागेश जी के द्वारा सभी बच्चों को माता.पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने हेतु कहां गया जिससे वे भविष्य में बहुत अच्छे नागरिक बन सके।अंत मे कक्षा आठवीं के ओमकृष्ण एवं साथियों सभी शिक्षकों एवं कक्षा सातवीं के बच्चों को विदाई समारोह के लिये धन्यवाद दिया गया।




## एक नजर

### तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

विद्युत निरीक्षकालय के अंतर्गत संभागीय अनुज्ञापन समिति विद्युत रायगढ़ के द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2023 के माह जुलाई में आयोजित की जाएगी। समस्त संबंधित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, मनेन्द्रगढ़.चिरमिरी-भरतपुर के आवेदनकर्ता, परीक्षा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता विसु एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छग शासन रायगढ़ संभाग रायगढ़ दुर्गा चौक उत्तर चक्रधरनगर रायगढ़ छग से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र डाक द्वारा या सीधे इस कार्यालय में 30 अप्रैल 2023 तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे।

### बेरोजगारी भत्ता संबंधी प्रश्नों के समाधान के लिए अधिकारियों की दूरभाष सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन के लिए भविष्य में प्रदेश के अधिकारियों, आवेदकों एवं आम नागरिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशासकीय एवं तकनीकी प्रश्न किए जाने की संभावना है। जिसके युक्तिसंगत शंकारहित उत्तर देने के लिए संचालनालय स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी आदेश जारी की गई है। कोई भी नागरिक बेरोजगारी भत्ता से जुड़े अपने प्रश्नों का समाधान मोबाइल नंबर पर फोन करके पूछ सकते हैं। जिन अधिकारियों की ड्यूटी है, उनमें व्हीके केडिया उप संचालक रोजगार मो.नं. 9425517119, चिन्मय चौधरी सहायक संचालक मो.न.9425246949, शोध अधिकारी सुश्री चंद्रिका पोटाई मो.नं.9977896906, प्रोग्रामर मनोज चौधरी मोनं. 9340834869, सहायक प्रोग्रामर मुकेश राजवाड़े मो.नं. 9753525069 है।

सफलता की कहानी

### जिला जेल के 24 बंदियों को दिया जा रहा है सिलाई प्रशिक्षण

रिहा होने के बाद हुनरमंद बनकर निकलेंगे बंदी



मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् बंदियों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन द्वारा जिला जेल में 24 बंदियों को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् 04 माह का सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात् बंदियों को जेल में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सिलाई के लिए कपड़े भी दिए जाएंगे और उसके एवज में उन्हें मेहताना भुगतान भी किया जाएगा। जेल से रिहा होने के बाद बंदी हुनरमंद बनकर निकलेगें और उनके हाथों में रोजगार भी रहेगा।

## महिला कोष योजना के तहत् 11 महिलाओं को आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए 09 लाख का दिया लोन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित छग.महिला कोष योजना के तहत महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक विकास संबंधी कार्यो को बढ़ावा देने महिला सशक्तिकरण, सुदृढ़ीकरण एवं आर्थिक गतिविधि के लिए वार्षिक 3 प्रतिशत आसान शर्तों पर कलेक्टर द्वारा ऋण योजना अंतर्गत जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 44 महिला स्व सहायता समूहों को किराना दुकान, बकरी पालन, सिलाई कार्य, कपड़ा दुकान, मुर्गी पालन, सिलाई सेंटर, कृषि कार्य, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मछली पालन, हॉटल व्यवसाय, सुअर पालन, दोना पत्तल, मक्का खेती, ईंट निर्माण, सब्जी क्रय.विक्रय हेतु राशि रूपये 27 लाख 60 हजार एवं सक्षम योजना अंतर्गत 11 हितग्राहियों को राशि रूपये 9 लाख 60 हजार प्रदाय किया गया है।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने राम नवमी पर्व धूमधाम से मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।





दुलदुला ब्लाक में जशपुर रियासत का एक ऐतिहासिक पुरातन शिव मंदिर ग्राम चराईडांड़ में विद्यमान है जो भू-प्रकट हैं इस मंदिर का मान्यता यह है कि रियासत काल में जशपुर राजपरिवार के द्वारा भगवान शिव जो चराईडांड़ शिव मंदिर में विद्यमान हैं उसे जशपुर ले जाने का प्रयास किया गया था। तथा खुदाई कराया गया किन्तु जितना गहराई खोदा गया शिवलिंग जमीन के अंदर उतने ही धसते गया उसका गहराई का अनुमान ही नहीं लगा जैसे-तैसे शिवलिंग निकाला जा सके उसके लिए शिवलिंग को लोहे का सिकड़ी में बांध कर हांथी से खिंचवाया गया। लेकिन शिवलिंग टस से मस नहीं हुआ अन्ततः जशपुर ले जाने का निर्णय बदल कर वहीं मंदिर बनाने की निर्णय लिया गया तथा जशपुर राजपरिवार के द्वारा भगवान शिव जी का मंदिर निर्माण कराया गया और तब से चराईडांड़ क्षेत्रवासी महाशिवरात्री एवं रामनवमी उत्सव बड़े धूम धाम से शिव मंदिर में ही मनाते हैं इस वर्ष भी शिव मंदिर में रामनवमी उत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का बड़ा अहम भूमिका रहा इस मंदिर में रामनवमी के दिन सतरह छोटे बड़े गांव से शोभा यात्रा निकाला जाता है और सभी गांव वाले का झंडा मिलन शिव मंदिर में होते हैं मंदिर के पुजारी सभी गांवों से आने वाले झंडा का विधिवत पूजा अर्चना कर मंदिर प्रवेश कराते हैं जब सभी तरफ से झंडा मंदिर पहुंच जाता है तब पुजारी परिवार सामूहिक पूजा अर्चना कर सभी का स्वागत अभिनंदन करते हैं और धार्मिक उद्बोधन का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम इस बार भव्य स्तर पर किया गया था जिसमें हजारों लोग भाग लिये कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष करनेल सिंह, मनबहाल निराला, पारशनाथ मिश्र गजेन्द्र राम चंद्रप्रताप पंडा अनूप सिंह, चन्द्रपाल राम,प्रेमनारायण सिंह,मुनू बघेल,रमेश बघेल शिशुपाल सिंह, धर्मेद सिदार मातृशक्ति के ननकी पैंकरा, उर्मिला बड़ाईक दुर्गा वहिनी के किरण बरवा सहित सभी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम में हजारों लोगों का खचाखच भीड़ दिखा।

## केबिनेट मंत्री ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**सुकमा** । कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने जिलेवासियों को रामनवमीं की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने सुकमा में स्थिति राम मंदिर पहुँच कर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों में श्री राम भगवान के प्रति गहरी आस्था है। प्रदेश सरकार ने सुकमा स्थित रामाराम मंदिर को रामवनगमन पथ के रूप में विकसित कर रही है, जिससे जिले में संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। श्री लखमा ने जिला अस्पताल सुकमा का निरीक्षण किया। उन्होंने आमजनों को मुहैया कराई जाने वाली स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से रूबरू होकर कुशल क्षेम जाना और अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। श्री लखमा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का लाभ प्रदान करने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार से अब जिलेवासियों को निश्चित रूप से इसका लाभ मिल रहा है, जिससे अन्य जिला और सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होने लगी है। लगभग सभी स्वास्थ्य सेवाएं जिले के अस्पताल में ही आमजनों को मिल रही हैं। वहीं हाट बाजार क्लिनिक और मोबाईल मेडिकल यूनिट जैसी हितकारी योजनों के संचालन से दूरस्थ इलाके के ग्रामीणों को साप्ताहिक बाजार के साथ ही ग्राम स्तर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही है।

## फरसाबहार में नोडल अधिकारियों को दिया गया बेरोजगारी भत्ता के संबंध में प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



फरसाबहार विकासखण्ड के जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में बेरोजगारी भत्ता हेतु कलस्टर नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को 01 अप्रैल 2023 से 25 हजार रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की योजना लागू की गई है। जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न शर्तों के आधार पर शिक्षित बेरोजगारी भत्ता की पात्रता होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेरोजगारी भत्ता की पात्रता श्रेणी में वे शामिल होगें जो आवेदक छग का मूल निवासी होगें। जिनकी आयु 01 अप्रैल 2023 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होगी। जो मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकेंडरी 12 वीं उत्तीर्णद्ध शैक्षणिक योग्यता धारी हो, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत हों एवं आवेदन के वर्ष के 01 अप्रैल को हायर सेकेण्डरी में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो, रोजगार कार्यालय में न्यूनतम 12 वीं का जीवित पंजीयन 01 अप्रैल 2021 से पूर्व का होए आवेदक के आय का कोई स्त्रोत न हों एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से आय रुपये 2 लाख 50 हजार वार्षिक से अधिक न हो। परिवार से तात्पर्य पतिए पत्नी एवं आश्रित बच्चे एवं आश्रित माता-पिता। इसी प्रकार अपात्रता की शर्तों में वे शामिल होंगे जो एक परिवार से एक ही व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। यदि किसी परिवार के किसी व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है तो दूसरा व्यक्ति अपात्र होगा। आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य को केन्द्र अथवा राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप.डी को छोड़कर अन्य नौकरी होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिये अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी का ऑफर दिया जाता है। परंतु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है तो ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिये अपात्र होगा। पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और सांसद या राज्य विधानसभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्यों, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिये अपात्र होंगे। पेंशनभोगी जो 10,000 रुपये या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करते हैं के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। अन्य पेशेवर जैसे इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, चार्टड एकाउंटेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत आर्किटेक्ट के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। शिक्षित बेरोजगारी भत्ता के लिये वेब पोर्टल आवेदन ऑनलाईन ही मान्य होगा।



## घरघोड़ा तहसील वाहन चालक कल्याण समिति का एसईसीएल मुख्य गेट पर हड़ताल

बरौद बिजारी उपक्षेत्रीय खदान में कार्यरत ठेका कर्मचारी व स्थानीय मुद्दों को लेकर मांग

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।




छत्तीसगढ़ सरकार भले ही जो तर्क प्रस्तुत करे राज्य में रोजगार को लेकर परंतु जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है। जिस तरह से रोजगार पंजीयन कार्यालय में बेरोजगारों की भीड़ उमड़ पड़ी है पंजीयन पोर्टल में लोड बढ़ने से लॉक हो गया है। इससे जग जाहिर होता है सरकार की कथनी व राज्य की हाल, सूरत अलग-अलग है। प्रदेश में उद्योग हब के नाम से पहचाना जाने वाला जिला रायगढ़ में बेरोजगारी चिक चिक कर अपने होने का प्रमाण दे रही है। उद्योग, खदान व कम्पनियों का जाल बिछाया गया है। फिर भी युवा बेरोजगार अपने भविष्य की चिंता करते हुए हड़ताल आन्दोलन कर रोजगार की मांग कर रहे हैं। जिले के सबसे बड़े खदान परिक्षेत्र में आने वाला घरघोड़ा एरिया में कार्य करने वाले एकता वाहन चालक कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा एसईसीएल उपक्षेत्रीय प्रबंधक बरौद बिजारी कार्यालय के मुख्य गेट में हड़ताल पर हैं। जिसमें मुख्य मांग स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता अनुरूप रोजगार देने की बात कही गई है। सिर्फ वाहन चालक के रूप में ठेका कंपनियों के माध्यम से रोजगार देकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है देश का अग्रेणी कोयला उत्पादन करने वाली एसईसीएल विभाग, वाहन चालक कल्याण समिति द्वारा सालों से अपनी मांग सरकार के पास रखती आई है। समिति ने प्रमुखता से संदर्भित विभाग एसईसीएल हो या कलेक्टर से कमिश्नर तक अपनी समस्या को उनके पटल पर रखते हुए, गंभीरता पूर्वक इस आवश्यक मांग पर विचार करने का आग्रह बार-बार किया जा रहा है। वाहन चालक कल्याण समिति के सदस्यों से बात करने पर बताया गया कि एसईसीएल हमारी मांगों पर गंभीर नहीं है सिर्फ कागजों का खेल खेला जा रहा हैए इस कारण मुख्य गेट पर हड़ताल पर बैठे हैं। हमारा हक अधिकार है जो हमें मिलना चाहिए जिसमें वेतन विसंगति को दूर कर एचपीसी दर से वेतन भुगतान करने व बरौद बिजारी खदान अंतर्गत संचालित ठेका कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों से आठ घण्टे कार्य कराने से लेकर स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग करते आ रहे हैं। जिसके लिए कार्यालयों में आवेदन निवेदन कर कर के चप्पलें घिस गई। मजबूरन थक-हार के एसईसीएल के मुख्य दरवाज़े के सामने हड़ताल कर अपने समस्याओं की ओर अधिकारीयों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इतने पर समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो फिर आन्दोलन वृहद होगा। जिससे खदान भी अनिश्चितकालीन के लिए बंद करना पड़ सकता है जिसकी जिम्मेदारी अधिकारीयों की होगी। खदान के अंदर नियमों के अनुसार कार्य नहीं होता है किसी तरह का छोटे कर्मचारियों को सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे अनेक विषयों पर विभाग को गंभीर होना चाहिए, कर्मचारियों के सुविधा से लेकर बिमा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, भविष्य निधि, पर ध्यान देना चाहिए खदान क्षेत्र में कार्य स्थल पर पीने के लिए स्वच्छ पानी तक उपलब्ध नहीं है। धुल से सांसे फूल रही हैं। पड़ोसी राज्य के खदानों में सड़कों में स्प्रिंकलर के माध्यम से कार्य अवधि तक लगातार पानी छिड़काव होतें रहते हैं। कोल इंडिया का एक मात्र ऐसा विभाग है एसईसीएल जो कमाई सबसे ज्यादा करता है। पर सुविधा व्यवस्था के मामले में सबसे निचले पायदान पर दिखाई देता है। क्षेत्र लगातार क्षीण हो रहा है वहीं क्षेत्र के निवासी रोजगार सुविधा विहिन है। एसईसीएल इस क्षेत्र का वह बबुल का विकास की पेड़ है। जिससे सरकार, विभाग व उद्योगपति, पूंजीपति खुब फल फूल रहे हैंए परन्तु स्थानीयों को कांटों के सिवा हासिल कुछ नहींघ् यह विकास कैसा जहां रोजगार जैसे मूलभूत अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। एसईसीएल के अंतर्गत कार्य करने वाले ठेका कंपनी मेसर्स एसके एसोसिएट, हर्ष इन्टरप्राइजेज, शाह कोल कम्पनी, विपुल कोल कैरियर्स प्रालि आरकेटीसी आर्य प्रसाद जेव्ही, रानी सती कोल कैरियर, मेसर्स में कार्यरत कर्मचारियों को ठेका कर्मी का दर्जा दिया जाता है। जबकि यह स्थानीय लोग हैं जो कोयला उत्पादन के लिए अपनी भूमि देकर रोजगार आर्थिक विकास की आस में सबकुछ सौंप दिया सरकार को, नतिजा आज स्थानीय कुछ कर्मचारी जिनका पूर्ण अधिकार बनता है। उद्योग खदान स्थापित होने वाले क्षेत्र में कंपनी संविधान अंतर्गत हकदार सीधे एसईसीएल के विभाग का हिस्सा होना था वह ठेकेदार के अंदर कार्य करने वाला नौकर बनकर रह गये है।

स्थानीयों के साथ यह घोर अन्याय है स्थानीय निवासी कहते हैं जमीन हमारी जल जंगल हमारा पुरखों ने अपने खून से सिंचा है और आज बाहर के लोग आकर हमारी खून पीकर कमा के चले जा रहे। धुल धुआं गर्जना हम बर्दाश्त करें और लाभ किसी दुसरे को मिले यह कैसा प्रजातंत्र है। हम अपने हक अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करते आ रहे हैं और आगे भी यह जारी रहेगा। अभी एसईसीएल के खिलाफ में खड़े हैं आने वाले समय में सरकार को भी हमारा सामना करना होगा। बिना राज्य सरकार की सहमति से कोई भी इस क्षेत्र की भूमि से एक कंकड़ तक नहीं लेजा सकता है। आज हमको ही अपने क्षेत्र में अधिकार के लिए सड़क पर लड़ना पड़ रहा है। जो कार्य भारत सरकार के गाइड लाइन में है वह हमें बिना मांगे मिलना चाहिए।

# वन विभाग व राजस्व के नाक के नीचे किया जा रहा लकड़ी की तस्करी, अवैध रूप से लिपटस पेड़ की कटाई से ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

**बलरामपुर जिला के कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपातु में अवैध रूप से लिपटस पेड़ की कटाई से ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल, ग्राम गोपातु के ग्रामीणों के बताये अनुसार करीब 35-40 वर्ष पूर्व में कृषि विभाग के द्वारा 5 एकड़ शासकीय अनुदान भूमि में लिपटस का 500 पेड़ करीब लगाया गया था।**



और जिस व्यक्ति के द्वारा शासन को भूमि अनुदान किया गया था। वही व्यक्ति एवं कुछ बाहर के और गांव के दलालों के द्वारा मिली भगत कर शासन एवं पंचायत के बिना परमिशन के अवैध रूप से लगभग 35 वृक्षों का कटाई किया गया है। जब ग्रामीणों के द्वारा लकड़ी काटने एवं ट्रांसपोर्टिंग का आदेश जारी किया गया आदेश पत्र मांगा गया तब उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई वैध कागजात नहीं दिखाया गया। फिर जब ग्रामीणों के द्वारा सरपंच से जानकारी मांगी गई तो वह जवाब देने से असमर्थ रहा। वही मौके में मौजूद ग्राम पंचायत के उप.सरपंच ने विवेक गुप्ता के द्वारा कुसमी अनुविभागीय एसडीएम व तहसीलदार व पटवारी को सूचना और मामले की जानकारी दी गयी। तत्काल ततपरता दिखाते हुए मौके पर घटनास्थल पहुंच अनुविभागीय के अधिकारी ग्रामीणों के समक्ष कटे हुए वृक्षों एवं ट्रक पर लदे हुए लकड़ियों को ट्रक समेत एवं क्रेन को पंचनामा तैयार कर जप्ती कर तत्कालीन त्वरित कार्यवाही की गई। अनुविभागीय अधिकारियों ने वाहन जप्त कर सामरी थाना को सुपुर्द किया।

** मीडिया को ये भी ब्यान दिया गया है। की और भी सामरी पाठ में कुछ 5 गांव ग्राम में इस तरह से 35-40 नग पेड़ काट कर तस्करी कर ले जाया गया है। जिसकी सूचना न तो वन विभाग के पास है। न तो राजस्व विभाग के पास है। और आज हमारे गांव में भी ये मामला सामने आया है। जिसे अधिकारी तत्काल कार्यवाही करें।*

***उप-सरपंच विवेक गुप्ता***



** मौके पर पूछने के बाद जो जानकारी अभी मिली है। इनके द्वारा पहले कोई अनुमित नहीं ली गयी है, और दूसरा जो है ये बताया जा रहा है। यहां पास जो वृक्षारोपण कि गयी थी। जो कृषि विभाग के द्वारा किया गया था। और हमारे एसडीएम कार्यालय व तहसीलदार कार्यालय में किसी भी प्रकार की वृक्ष कटाई की कोई अनुमित नहीं ली गयी है। न पूर्व में किसी प्रकार की कोई सूचना दी गयी है। इसे में हम कार्यवाही करते हुए जो वाहन लगी हुई थी। उन्हें जप्ती की गयी है, और इसमें आगे की कार्यवाही की जायेगी। अब देखने वाली बात ये है, इतनी बड़ी मामले पर संबंधित अधिकारी दोषियों पर क्या कार्यवाही करती है।*

***एसडीएम कुसमी.***

## एक नजर

### सुपोषण चौपाल कार्यक्रम हेतु 50 नोडल अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0.5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा, एनीमिया के विरूद्ध जागरूकता लाने, सामुदायिक सहयोग से कुपोषण का समुदाय स्तर पर प्रबंधन हेतु तथा सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के 50 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### कांग्रेस की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाये महिला कांग्रेसः अंकिता वर्मा

पीसीसी महासचिव व कटघोरा प्रभारी ने ली संगठनात्मक बैठक

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव व कटघोरा विधानसभा की प्रभारी श्रीमती अंकिता वर्मा ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान संगठनात्मक बैठक लेते हुए निर्देश दिए इस अवसर पर कटघोरा विधायक व मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुरषोत्तम कंवर विशेष रूप से उपस्थित थे । पीसीसी महिला कांग्रेस की महासचिव श्रीमती वर्मा के कटघोरा पहुंचने पर महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

श्रीमती अंकिता वर्मा ने महिला कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। श्रीमती वर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ महिलाओं से संबंधित योजनाओं एवं स्व सहायता समूहों के उत्थान के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों को ज्यादा से ज्यादा महिलाओं तक पहुंचाने एवं उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित कराने की अपील की। श्रीमती वर्मा ने मौजूदा राजनीतिक हालातों पर चर्चा करते हुए बढ़ती महंगाई के विरूद्ध एवं केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा जनता पर थोपे जा रहे नियमों एवं जनविरोधी, किसान विरोधी नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार गरीब, मजदूर, किसान, महिलाओं सहित हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और योजनाओं से लोगों को जोड़कर कांग्रेस का हाथ हमें मिल-जुलकर मजबूत करना है।

विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि जिले में महिला कांग्रेस को मजबूत करने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर ने कहा कि जल्द ही जिले में बैठकों और जनसंपर्क की गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

# स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य पद पर शीघ्र पदोन्नति की मांग

छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने आवाज बुलंद कर शासन से की नये शिक्षा सत्र 16 जून से पहले आदेश जारी करने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश में वर्षों से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जल्द से जल्द जारी करवाने शासन से पुरजोर मांग की गई हैं। राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत ष्टी संवर्ग में वर्ष 2013 से तथा ई संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं की गईं हैं। राज्य में तीन हजार से अधिक स्कूलों में प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। वर्षो से प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं होने से ष्टी तथा ईसंवर्ग के सैकड़ों नियमित व्याख्याता तथा नियमित प्रधान पाठक सेवानिवृत्त हो गए हैं। प्राचार्य पद पर पदोन्नति का रास्ता देखते-देखते अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की मृत्यु हो गई हैं। प्रदेश में कई वर्षों से बाधित रही प्राचार्य पदोन्नति की विभागीय प्रकिया को शीघ्र प्रारंभ कर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य के रिक्त सभी पदों पर शीघ्र पदोन्नति किये जाने हेतु सतीश प्रकाश सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा गठित की गईं हैं। प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में ष्टी तथा ई संवर्ग के नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की आत्मसम्मान रूपी प्राचार्य पदोन्नति की नैतिक लड़ाई व्यापक रूप से लड़ी जा रही हैं। प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जल्द जारी करवाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर 27 मार्च 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के मुख्य संयोजक सतीश प्रकाश सिंह, बलदाउ प्रसाद कोसले, केआर दयाल, पंडित भारद्वा, मिथिलेश सिंह सेंगर,अशोक चौहान,अनिल तिग्गा,अखिलेश त्रिपाठी, आरसी जांगड़ें सहित अन्य व्याख्याता प्रधान पाठकों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा महानदी भवन, मंत्रालय नया रायपुर में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला एसचिव डॉ. एस.भारती दासन एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जल्द से जल्द जारी करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।



महानदी भवन मंत्रालय नया रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर निवेदन किया गया। कि प्राचार्य पदोन्नति के लिए तत्काल माह अप्रैल.मई 2023 दो महीने का एक निश्चित समयब कार्यक्रम टाईम टेबल जारी करवा कर, प्राचार्य पदोन्नति की समस्त विभागीय प्रकिया को निधारित समय पर पूर्ण किया जाकर नये शिक्षा सत्र 16 जून 2023 के पूर्व प्राचार्य पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया जावें। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को प्राचार्य पदोन्नति के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला तथा सचिव डॉ. एस.भारती दासन ने शीघ्र उचित पहल करने का आश्वासन दिए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के द्वारा प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जल्द से जल्द जारी करवाने त्वरित रूप से हर सम्भव स्तर पर कार्य किया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा,के द्वारा प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों, शिक्षक संघों,यूनियनों, फेडरेशन तथा विभिन्न व्याख्याता संघों.प्रधान पाठकों के कल्याण के लिए गठित किए गए विभिन्न संगठनों समूहों से समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

## खड़े ट्रक से जा टकराई कार, 5 घायल

**कोरबा** । कोरबा जिले के पोड़ी.उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत बंजारी मड़ई के पास एक कार चालक को झपकी आने से उसकी गाड़ी खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को 108 की टीम ने प्राथमिक उपचार देते हुए समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार तिवरता निवासी पुनी राम उम्र 56 वर्ष अपने परिवारजनों चंद्रकांत 42 वर्ष, हीरा प्रजापति 42 वर्ष, मोनिका 25 वर्ष और रश्मि प्रजापति 17 वर्ष के साथ प्रेमनगर जा रहा था। रास्ते में कार चला रहे पुन्नी राम को बंजारी मड़ई के पास झपकी आ गई और गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार के बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कार में सवार लोगों को भी गंभीर चोट आई हैं। हादसे में पुन्नीए हीरा प्रजापति और चन्द्रकान्त के सिर पर चोट आई है, वहीं मोनिका के रीढ़ की हड्डी और रश्मि के चेहरे पर चोट आई है।

# आटो चालकों ने मनमानी पैसा लेने की शिकायत आम होने के बावजूद विधायक शैलेश ने उनका समर्थन किस आधार पर किया

आटो चालकों का समर्थन करके विधायक शैलेश ने जनता का अपमान किया

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है नेताओ को जनता की समस्या दिखाई देने लगी और उनकी समस्या को लेकर आंदोलन से लेकर धरना प्रदर्शन भी अब शहर में जगह जगह देखा जा सकता है कोई धरना दे रहा है कोई रैली निकाल कर कलेक्टर से शिकायत कर रहा है। मामला कुछ ऐसा है चुनावी वर्ष शुरू हो गया है तो जनता की समस्या हैं अब वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक मंत्री की जिम्मेदारी बन गई है लेकिन इस बार पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने जो मामला या मुद्दा उठाया हैं वो जायज है शहर में सिटी बस का सिटी बस करोंना के आने की दस्तक के साथ ही बंद हो गई थी अब जब सब कुछ सामान्य हो गया हैं जो जनता को।



**जनता को हो रही तकलीफ,मंत्री सिटी बस चलाने की बात कर रहे वही वर्तमान विधायक आटो चालक संघ के साथ**

मिलने वाली सुविधा को फिर से शुरू करने की मांग को लेकर धरना शुरू किया उसी धरने में पूर्व मंत्री ने आटो वालो को लेकर ज्यादा पैसे लेकर सवारी को हो रही परेशानी की समस्या गिनाते हुए सिटी बस चलने से जनता को मिलेगी राहत कहा और ये सही भी है की सिटी बस चलेगी तो जनता को ही राहत मिलेगी और आटो वालो की मनमानी भी खत्म होगी क्योंकि शासन द्वारा निर्धारित दर पर ये आटो वाले किसी भी सवारी को अपनी सेवा नही देते है जिसके कारण सवारी को मजबूरी में इन्हे ज्यादा पैसा देकर जाना पड़ता है सिटी बस चलने से कुछ तो राहत मिलेगी।

### विधायक शैलेश ने आटो संघ का साथ दिया और कलेक्टर से शिकायत करने पहुंच गए

*बिलासपुर विधायक भी इस समय अपनी सीट बचाने के चक्कर में कुछ ज्यादा ही सक्रियता दिखा रहे हैं क्योंकि पिछले चार साल में ऐसा कुछ नहीं किया जो आमजन को दिखे सिवाय मेल मुलाकात के शहर के समस्या आज भी जस की तस बनी हुई और रही सही कसर विधायक ने बिना समझे आटो चालक संघ का। समर्थन करते हुए पूर्व मंत्री का विरोध एवम शिकायत करने संघ के साथ कलेक्टर पैदल ही निकल लिए जबकि सच्चाई तो यही है कि आटो वाले शासन दर पर सवारी को सेवा देते ही नही जिसका सही हल यही था की विधायक शैलेश को सिटी बस चलवाने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए जबकि करोना जैसी बीमारी से शहर को निजात मिले एक वर्ष से ऊपर हो गया है। अंतिम एक और सच्चाई अब जनता की समस्या नेताओ को दिखने लगी हैं वो सत्ता पक्ष हो या विपक्ष समस्या हल होती हैं कि नही ये तो वक्त ही बताएगा।*

# संस्कार के बच्चों ने निकाली भगवान राम की शोभायात्रा

रामनवमीं के दिन सुबह से बनाया माहौल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल अपनी विशेष गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध रही है। स्कूल के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि इसी तारतम्य में रामनवमीं के अवसर पर संस्कार पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सुबह 9 बजे से ही शोभायात्रा निकालकर शहर को राममय बना दिया। बाजे-गाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। सुभाष चौक से यह यात्रा निकलकर शहर के गांधी पुतला चौक, स्टेशन चौक, सत्तीगुड़ी चौक, हंडी चौक, गद्दी चौक, गौरी शंकर मंदिर चौक होते हुए गोपी टॉकीज के सामने इतवारी बाजार में समाप्त हुई। इस दौरान संस्कार पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक, प्राचार्या रश्मि शर्मा, एक्टिंग डायरेक्टर सी.पी. देवांगन आदि मौजूद रहे।



### गदगद रही जनता

### रामभजन और नृत्य से

संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि मुख्य चौक पर संस्कार के विद्यार्थियों द्वारा रामभजन पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसको जनता ने जबरदस्त सराहा। रंगबिरंगे वस्त्र पहने नन्हे-मुन्ने बच्चे अपने जोश-खरोश से पूरे शहर में समा बांध दिए। शोभायात्रा में विशेष बात यह रही कि बच्चों में से ही छांट कर राम-लक्ष्मण एवं सीता माता के साथ-साथ हनुमान भी तैयार किए गए थे। जिनकी छटा देखते ही बनती थी। भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उक्त आयोजन करवाया गया। मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्कार स्कूल में सभी धर्मों के कार्यक्रम करवाए जाते हैं। जिससे भारतीय संस्कृति की खासियत अनेकता में एकता भारत की विशेषता परिलक्षित हो।



# कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह एक परिवार की चरण वंदना-भाजपा

जनहित में कार्य करने के कारण मोदी कांग्रेस के आंख की किरकिरी बन गयी है-नारायण चंदेल

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कांग्रेस सरकार के जय भारत सत्याग्रह को एक परिवार की चरण वंदना बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब केवल एक ही मुद्दा रह गया है कि किसी भी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हर स्तर पर निकृष्टतम टिप्पणियां करके प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई जाए। नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा कि सूरत कोर्ट के फैसले के मद्देनजर राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद कांग्रेस में अमर्यादित और अलोकतांत्रिक आचरण के प्रदर्शन की होड़ सी मची हुई है और किसी तरह अपने सियासी वजूद को बचाने के लिए वह मोदी हटाओ के एजेंडे के तहत जय भारत सत्याग्रह जैसी जनाधारविहीन कवायद करने में लगी है। चंदेल ने कांग्रेस से सवाल किया है कि उसे आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इतनी ईर्ष्या क्यों हैं। क्या सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर भारतीय सेना द्वारा खत्म करने के कारण कांग्रेस मोदी हटाओ अभियान चला रही है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 खत्म करके कश्मीर को भारतीय राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ा जाना ही क्या कांग्रेस को ईर्ष्यालु बना रहा है। कांग्रेस बताए कि तीन तलाक कानून खत्म कर मुस्लिम समाज की आधी आबादी को तलाक के संत्रास से मुक्त करके मुस्लिम महिलाओं को सुरक्षा, स्वाभिमान और प्रगति के साथ जीने का अधिकार देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अंध विरोध किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम को काल्पनिक चरित्र बताकर राम मंदिर निर्माण के मार्ग को बाधित करने के कांग्रेसी षड्यंत्रों को विफ ल करके अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस के टारगेट बने हैं। नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा कि एक समय था जब कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्वण् राजीव गांधी ने माना था कि उनकी सरकार 1 रुपया भेजती है तो जनता तक 15 पैसे ही पहुंचता है लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी



**कांग्रेस के पास अब केवल एक मुद्दा रह गया कि प्रधानमंत्री के लिए निकृष्टतम टिप्पणियां की जाएं -चंदेल**

डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम के तहत 1 रूपए भेजते हैं तो इस योजना में खोले गए जनधन खातों में लोगों को पूरा 1 रुपया जमा हो रहा है। क्या कांग्रेस के लोग इसमें अपनी दलाली नहीं मिलने के कारण मोदी हटाओ की चिल्लपौं मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश संकट से जूझ रहा होता है। तब कांग्रेस के आका चीन के नेताओं अधिकारियों के साथ गुप्त बैठकें और भोजन करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी चीन के भारत विरोधी इरादों को नेस्त ओ-नाबूद कर रहे हैं। क्या इसलिए कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी को हटाने की साजिश रच रही है।

चंदेल ने कहा कि हमें 200 वर्षों तक गुलाम बनाकर रखने वाले अंग्रेजों के देश में जाकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाकर और दूसरे देशों से भारत में हस्तक्षेप करने की अपील करके राजनीतिक निर्लज्जता और अपरिपक्वता का जो परिचय दिया उस साजिश का पर्दाफ ाश करने के लिए क्या कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी को हटाने के लिए विलाप कर रही है। देश को देश को टुकड़े-टुकड़े करने की बात करने वालों के साथ खड़ी कांग्रेस नजर आती है और प्रधानमंत्री मोदी उसे रोकते हैं क्या इसलिए मोदी को हटाने की रट लगाई जा रही हैध्

नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा कि नितांत कानूनी कार्रवाई और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत राहुल गांधी के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर अमर्यादित आचरण करके अदालत और संविधान का खुलेआम अपमान कर रही है। कांग्रेस का एक ही एजेंडा अब रह गया है कि मोदी को हटाओ। चंदेल ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस से सवाल किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए गरीबों को आवास मिल रहा है। जल जीवन मिशन के जरिए हर घर में शुद्ध जल की आपूर्ति हो रही है। गरीब और जरूरतमंदों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता मुहैया कराई जा रही है। कोरोना आपदा के समय से लाखों गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा हैए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से छत्तीसगढ़ का ग्रामीण जनजीवन आसान और खुशहाल है। क्या इन्हीं सबके लिए कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ऊलजलूल बयानबाजी कर रही है। चंदेल ने कहा कि शर्म तो छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेताओं को महसूस होनी चाहिए कि उसकी प्रदेश सरकार ने केंद्र की योजनाओं का सत्यानाश करके और गरीबों के लिए केंद्र द्वारा दिए गए चावल में हजारों करोड़ का घोटाला करके अपने राजनीतिक चरित्र की गिरावट का प्रदर्शन किया है।

# मनरेगा योजना में सरपंच एवं परिवार के नाम चढ़ा मजदूरी, कब बना अधिनियम

दिनेश जोल्हे

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।




*मनरेगा में मजदूरी कर ग्राम पंचायत बैगिनडीह सरपंच ने हजारों रुपये से अधिक की कमाई की है। इसके लिए बकायदा सरपंच ने अपने परिवार के दो सदस्यों को भी योजना में मजदूर बनाया है।*


जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

जबकि नियमों के मुताबिक पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य में सरपंच सहित उसका परिवार कार्य नहीं कर सकता है। जोहार छत्तीसगढ़ पड़ताल में पता चला कि सरपंच व उसका परिवार 2018 से 2022 तक ग्राम पंचायत में हुए मनरेगा कार्य में मजदूर बना हुआ है। लेकिन 2018 में तो पंचायत चुनाव हुए नहीं था तब की स्थिति में मजदूर रहा होगा। लेकिन चुनाव के बाद सरपंच बनने के बाद आज 2023 तक सरपंच बनने के बाद भी मजदूर बना है और मजदूरी करने का प्रमाण मनरेगा योजना में मास्टर रोल जनरेट हुआ है। इसके दस्तावेज भी जोहार छत्तीसगढ़ के पास सुरक्षित है। यह कारनामा सुनकर अधिकारी भी हैरान है कि एक जनप्रतिनिधि किस तरह मजदूरी का कार्य कर सकता है। क्या मजदूरी करते फोटो रोजगार सहायक के पास होगा क्या जिओ टेकिंग करने की दौरान सरपंच,सरपंच की पत्नी,सरपंच की माता का काम करते हुए फोटो होगा।

यह है। मामला ग्राम पंचायत बैगीनडीह का है जहां सरपंच बनने के पूर्व भी जनरेट हुआ है लेकिन सरपंच बनने के बाद भी जनरेट हो रहा है यह नियम कब बना की सरपंच, पंच भी मनरेगा योजना का लाभ ले सकता है यह जानकारी आज तक छिपी है अगर मनरेगा योजना का लाभ ले सकता है तो अच्छी बात है सरपंच लोगों को भी लाभ मिलेगा सरकार की योजना का लाभ ले पायेगा लेकिन यह अधिनियम कब बना यह भी जरूरी है कि सभी का सामने सार्वजनिक हो सके मनरेगा योजना से वर्ष 2018 से 2022 तक हुए निर्माण कार्य में सरपंच बनने के पहले भी मनरेगा में नाम चढ़ रहा है और जब जितेंद्र पटेल सरपंच बन गया तो उनके परिवार के दो सदस्य पदमा बाई व दुषिला पटेल द्वारा मजदूरी करना बताया गया है। जिसमे स्वयं सरपँच भी शामिल है उक्त समय में मजदूरी कर सरपंच परिवार ने करीब हजारों रुपए का भुगतान भी प्राप्त किया है। इसमें स्वयं सरपंच व उनके परिवार वालो का नाम दर्ज है। जिसमें भूमि सुधार,गाय कोठा,आंगनबाड़ी भवन, तालाब गहरीकरण,भूमि सुधार कार्य,डबरी निर्माण कार्य, तालाब गहरीकरण,वृक्षारोपण कार्य ऐसे बहुत सारे कार्य है जिस पर स्वयं सरपंच भी काम किया है। आखिर यह कैसे सम्भव हुआ होगा क्या ग्राम रोजगार सहायक के जियो टेकिंग में फोटो आया होगा या नहीं। 2018 से आज पर्यंत तक मजदूरी मनरेगा योजना में बने निर्माण कार्यो को छोड़ बल्कि हितग्राहियों की निजी योजनाओं में भी मजदूरी किया गया ऐसे जानकारी प्राप्त मनरेगा की साइड में एंट्री है। हालांकि सरपंच बनने के कौरव भी कार्य किया गया है लेकिन सरपंच नहीं बनने के पूर्व मनरेगा के लाभ मिला है लेकिन सरपँच बनने के बाद भी जनरेट हुआ है किसी समय का फोटो भी तो कैमरे में एंट्री होगा कि कब काम किया कि नही किया उसका भी जांच होना चाहिए। नियमों की बात करें तो सरपंच, उसकी पत्नी, पुत्र या पुत्री पंचायत के किसी भी निर्माण में कार्य करने के लिए पात्र नहीं है। साथ ही सवाल यह भी उठ रहा है कि कहीं बिना कार्य किए ही सरपंच व उसके परिवार के नाम को मस्टर रोल में दिखाकर राशि तो नहीं निकाली गई यह जांच का विषय बन गया है। अगर यह आदेश आया है तो किसने पारित किया जब पारित किया तो कौन से सत्र में पारित किया गया यह जानकारी प्रत्येक पंचायतों में मुंयादी योग्य होनी चाहिए एक जानकारी यह भी मिला है कि एक अधिनियम जो पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 7 के अनुसार कोई भी सरपंच या उसका परिवार हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं ले सकता है। हितग्राही मूलक योजना के तहत ही मनरेगा व अन्य कार्य शामिल होते हैं। ऐसे में सरपंच व उसके परिवार द्वारा नियमों का उल्लंघन कर मनरेगा में मजदूरी कर भुगतान प्राप्त किया है लेकिन यह सरपंच एवं उनकी परिवारों को मनरेगा योजना में कार्य करने की नियम कब बनी और जब बनी तो वह अधिनियम क्या है सार्वजनिक होनी चाहिए।

** सरपंच स्वयं मनरेगा योजना में काम कर सकता है। सरपंच के परिवार भी काम कर सकता है अगर काम किया होगा तो उनको मजदूरी भी मिलेगा।*

***अभिषेक बनर्जी सीईओ***
***जनपद पंचायत सारंगढ़***



16/02/2023, 14:10 Job Card

Job card
MAHATMA GANDHI NATIONAL RURAL EMPLOYMENT GUARANTEE ACT

Job card No.: CH-13-008-100-004/429 Family Id: 429
Name of Head of Household: Jitendra
Name of Father/Husband: Ravishankar
Category: OTH
Date of Registration: 4/18/2021
Address:
Villages: Railamuda
Panchayat: BAIGINDIH
Block: Sarangarh
District: RAIGARH(CHHATTISGARH)
Whether BPL Family: NO Family Id: 429
Epic No.:

Details of the Applicants of the household willing to work

| S.No | Name of Applicant | Gender | Age | Bank/Postoffice |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Jitendra | Male | 33 | HDFC Bank |

Signature/Thumb impression of Applicant | Seal & Signature of Registering Authority

Requested Period of Employment

| S.No | Demand Id | Name of Applicant | Month & Date from which employment requested | No of Days |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 255864 | Jitendra | 22/04/2021—28/04/2021—7 | 6 |
| 2 | 490078 | | 12/05/2021—18/05/2021—7 | 6 |
| 3 | 569329 | | 19/05/2021—22/05/2021—4 | 4 |
| 4 | 634561 | | 24/05/2021—30/05/2021—7 | 6 |
| 5 | 705092 | | 31/05/2021—06/06/2021—7 | 6 |
| 6 | 1046597 | | 03/08/2021—07/08/2021—5 | 5 |
| 7 | 1058181 | | 16/08/2021—22/08/2021—7 | 6 |
| 8 | 1063346 | | 28/08/2021—03/09/2021—7 | 6 |
| 9 | 1083408 | | 06/09/2021—12/09/2021—7 | 6 |
| 10 | 1143835 | | 18/10/2021—24/10/2021—7 | 6 |
| 11 | 1159975 | | 25/10/2021—31/10/2021—7 | 6 |
| 12 | 1205936 | | 15/11/2021—21/11/2021—7 | 6 |
| 13 | 1228758 | | 22/11/2021—28/11/2021—7 | 6 |
| 14 | 1256277 | | 29/11/2021—05/12/2021—7 | 6 |
| 15 | 1293530 | | 13/12/2021—19/12/2021—7 | 6 |
| 16 | 1334413 | | 20/12/2021—26/12/2021—7 | 6 |
| 17 | 1396637 | | 27/12/2021—02/01/2022—7 | 6 |
| 18 | 1484350 | | 10/01/2022—16/01/2022—7 | 6 |
| 19 | 1502877 | | 17/01/2022—23/01/2022—7 | 6 |
| 20 | 1709643 | | 14/02/2022—20/02/2022—7 | 6 |
| 21 | 1773645 | | 21/02/2022—27/02/2022—7 | 6 |
| 22 | 1838046 | | 28/02/2022—06/03/2022—7 | 6 |
| 23 | 1887222 | | 07/03/2022—13/03/2022—7 | 6 |
| 24 | 15047 | | 26/04/2022—30/04/2022—5 | 5 |
| 25 | 147235 | | 23/05/2022—28/05/2022—6 | 6 |

https://nregastrep.nic.in/Netnrega/state_html/jcr.aspx?reg_no=CH-13-008-100-004/429&village_code=3313008100004&fin_year=2019-2020&Digest=... 1/3

# डेढ़ दशक बाद लात पुनर्वास का हाल चाल जानने पहुंचा एसईसीएल प्रबंधक



जोहार छत्तीसगढ़ – धरमजयगढ़।

एसईसीएल प्रबंधक पुनर्वास लात का हाल चाल जानने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि 16 साल बाद एसईसीएल का बड़ा अधिकारी पुनर्वास का हाल चाल जानने पहुंचा था। जीएम पांडेय सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। उसके बात ग्राम में निर्माण कार्यों का जायजा लिया। जहां पुनर्वास में निवासरत लोगों को विश्वास दिलाया कि अब पुनर्वास को और अच्छे ढंग से व्यवस्थित करेंगे। यहां के लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। जीएम के साथ सिविल अधिकारी, कार्मिक प्रबंधक , छाल उपक्षेत्र के सब एरिया , भू अर्जन अधिकारी पहुंचे थे। वहीं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितुराज सिंह ठाकुर, मुंडासिंह ठाकुर, ईश्वर साहू, ओंकार साहू,नितेश कुमार,धर्मेंद्र कुमार, कांता,लंकेश्वर, सुमित, राजकुमार, राजेंद्र, श्रवण साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शराब के लिए पैसे नहीं देने पर वृद्ध महिला से मारपीट

## आरोपी पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में शराब के लिए रुपये नहीं देने पर एक वृद्ध महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। वहीं, इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पड़ोसी व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना के बारे में शाहपुर निवासी करीब 80 साल की प्रार्थिया ने बताया कि घर गृस्हथी का काम करती हूं। दिनांक 30 मार्च को दिन के करीब 11 बजे मै अपने घर के सामने आंगन में खडी थी। उसी समय मेरा पडोसी बैसाखु सारथी शराब के नशे मे आया और मेरे से 50 रूपया शराब पीने के लिए मांगा। तब मैं नहीं है मेरे पास कहकर मना की तब बैसाखु सारथी ने मुझे अश्लील गाली गुप्तार करते हुये जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मेरे मुह के पास एवं दाहिने पैर घुटने के पास लात से मारा। उसी समय बीच बचाव करने मेरा नाती रघु सारथी के द्वारा करने पर शांत हुये और अपने घर तरफ चले गये।




प्रार्थिया ने अपनी शिकायत में बताया है कि मारपीट करने से मेरे मुह एवं दाहिना पैर घुटना के पास चोट लगा है। उसने बताया गया घटना को कुछ लोग देखे भी हैं। वहीं, इस मामले की रिपोर्ट पर धरमजयगढ़ पुलिस ने बैसाखु नामक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in